संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 08 दिसंबर 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 328 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की ताजपोशी

## एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रह समारोह कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई





**शपथ दिलाई**

**8 राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के अलावा एक उप मुख्यमंत्री सहित 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।**

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

कांग्रेस विधायक दल के नेता रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने एलबी स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के पहले मुख्यमंत्री नियुक्त हुए। दरअसल, साल 2014 में तेलंगाना राज्य का गठन हुआ था और तब से यहां पर के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में भारत राष्ट्र समिति की सरकार थी। हालांकि, इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बीआरएस को शिकस्त देकर सरकार का गठन किया।

**समारोह में कौन-कौन रहे मौजूद** : साल 2014 में बने राज्य के उप मुख्यमंत्री के तौर पर मल्लू बी. विक्रमार्क ने शपथ ली। एलबी स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी और वायनाड सांसद राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

**विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ** : राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के अलावा एक उप मुख्यमंत्री सहित 11 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दो महिला विधायक भी शामिल हैं। मंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों में एन उत्तम कुमार रेड्डी, सी दामोदर राजनरसिम्हा, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, थुम्माला नागेश्वर राव सहित अन्य शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने नए सीएम को दी बधाईः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने कहा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेवंत रेड्डी गारू को बधाई। मैं राज्य की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए हरसंभव समर्थन का आश्वासन देता हूं।

**टीडीपी से कांग्रेस में हुए थे शामिल** : सनद रहे कि कांग्रेस ने बीआरएस को हराकर 119 में से 64 सीटों पर कब्जा किया, जबकि बीआरएस महज 39 सीटें जीतने में कामयाब हो पाई। नए मुख्यमंत्री की बात की जाए तो उन्होंने साल 2017 में टीडीपी को अलविदा कह कांग्रेस का दामन थाम लिया था। जून 2021 में रेवंत रेड्डी को एन उत्तम कुमार रेड्डी की जगह कांग्रेस ने प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया था।

### छह साल पहले कांग्रेस में आए रेवंत को यूं ही नहीं बनाया सीएम



**महज** छह साल पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए रेवंत रेड्डी पर तेलंगाना में कांग्रेस ने मजबूत दांव लगाया है। कहां जा रहा है कि पार्टी ने रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाकर तेलंगाना के सबसे मजबूत और प्रभावशाली रेड्डी समुदाय को अपने साथ जोड़ा है। इसके साथी पार्टी ने यह संदेश भी दिया है कि अगर दमदार व्यक्तित्व उनकी पार्टी में जुड़ता है, तो वह भी भारतीय जनता पार्टी की तरह दूसरे दल से आए नेता को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचा सकते हैं। पार्टी से जुड़े नेता भी मानते हैं कि रेवंत रेड्डी सिर्फ तेलंगाना ही नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण की सियासत में वाईएसआर की तरह मजबूत चेहरे बनकर आगे बढ़ेंगे। फिलहाल तेलंगाना में रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने दक्षिण के सियासत में मजबूत पैठ बनाने की रणनीति तैयार की है। तेलंगाना राज्य के बनने के बाद से पहली बार कांग्रेस को यहां सत्ता मिली है। सत्ता के साथ ही पार्टी ने राज्य के युवाओं की पसंद रहे रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बना कर राज्य में और पार्टी में बड़ा संदेश दिया है। सियासी जानकार और वरिष्ठ पत्रकार किरण डी कुमार कहते हैं कि रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाए जाने से कांग्रेस ने एक साथ कई निशाने साधे हैं। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात तो यही है कि कभी एबीवीपी और टीडीपी में रहे रेवंत रेड्डी को पार्टी ने सत्ता सौंप दी। वह कहते हैं कि इसका सीधा मतलब यही है कि कांग्रेस अब उस बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# 'मोदी के कारण भाजपा ने तीन राज्यों में जीते चुनाव'



**टीम एक्शन इंडिया/जोधपुर**

**अरुणाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि भाजपा ने तीन राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों के कारण विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। यह बात उन्होंने यहां जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कही। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू आज इंडिगो की दिल्ली फ्लाइट से जोधपुर पहुंचे। वह अरुणाचल के एक आईएएस की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर आए। उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से बात के दौरान कहा कि राजस्थान सहित तीन राज्यों में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री के कार्यों की वजह से है। तीनों बड़े राज्यों में जो विक्ट्री हुई है इससे पता चल रहा है कि प्रधानमंत्री ने जो नौ वर्षो तक काम किया है वह लोगों तक पहुंच रहा है। यह प्रधानमंत्री और भाजपा के कार्यो का रिफलेक्शन है। उन्होंने पूर्वोत्तर के लिए बात करते हुए कहा कि

**समारोह में शामिल**

**8 अरुणाचल के एक आईएएस की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर आए।**

2014 के बाद पूर्वोत्तर में डवलपमेंट हुआ है। नॉर्थ ईस्ट में हर जगह एयरपोर्ट और रेलवे व हाईवे बन गए है। उन्होंने बताया कि टांस्पोर्ट कम्युनिकेशन में नॉर्थ ईस्ट बॉटम नेक था लेकिन अब डवलपमेंट हो गया है। अब इतिहास की बात है कि पूर्वोत्तर में सुविधाओं का अभाव है। पेमा खांडू अरुणाचल के आईएएस शरद चौहान की बेटी की शादी में हिस्सा लेने जोधपुर पहुंचे। 1994 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. चौहान अरूणाचल प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव रहे हैं। वे जोधपुर के सरदार क्लब में अपनी बेटी की शादी कर रहे है।

## फास्ट न्यूज

### कतर में मौत की सजा पाए पूर्व नौसैनिकों से भारतीय राजदूत ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारतीय राजदूत ने कतर में मौत की सजा पाए 8 पूर्व नौसैनिकों से 03 दिसंबर को मुलाकात की। भारत सरकार पूरे मामले पर बारीकी से नजर रख रही है और उन्हें सभी कानूनी एवं राजनयिक सहायता प्रदान कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में बताया कि आठ भारतीयों के खिलाफ मामले में दो सुनवाई हो चुकी है और मौत की सजा के खिलाफ अपील पहले ही दायर की जा चुकी है। मामला संवेदनशील है। हम हर संभव प्रयास कर रहें हैं। मामले में साझा करने के लिए जो भी होगा उसे बताया जाएगा। पूर्व नौसैनिकों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और सभी कानूनी विकल्प तलाशने की प्रतिबद्धता दर्शाई थी। नौसैनिक कतर के सशस्त्र बलों को सेवाएं देने वाली कंपनी अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज के कर्मचारी हैं। पिछले साल अगस्त में उन्हें हिरासत में लिया गया था। उनपर जासूसी का आरोप लगाया गया है।

### सरकार ने इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने चीनी मिलों को इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार को चिंता है कि इससे चीनी उत्पादन गिर सकता है, जिससे कीमतें बढ़ जाएंगी। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने गुरुवार को सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरियों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को लिखे पत्र में इथेनॉल के उत्पादन के लिए गन्ने के रस का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया है। हालांकि, मंत्रालय ने पत्र में कहा है कि बी-हैवी शीरे से तेल विपणन कंपनियों को इथेनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी। मंत्रालय ने चीनी (नियंत्रण) आदेश 1966 के खंड 4 और 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी चीनी मिलों।

# संसदीय दल की बैठक में मोदी का महामंत्र

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जाएं सभी सांसद



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

तीन राज्यों में प्रचंड जीत के बाद गुरुवार को आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा पर जाने को कहा। उन्होंने अपने संबोधन में पांच राज्यों में भाजपा के चुनावी प्रदर्शन पर बात की। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा ने बहुमत के साथ सरकार बनाई और तेलंगाना व मिजोरम में भाजपा का संख्याबल बढ़ा है। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में मिचौंग तूफान से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त किया गई। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तीन राज्यों में जीत के साथ मिजोरम और तेलंगाना में भी भाजपा का संख्याबल बढ़ा है। भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि भाजपा ने तीन राज्यों में जीत हासिल की। अब सभी सांसद 22 दिसंबर से 25 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लें और केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

### नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने छोड़ी लोकसभा की सदस्यता

**जयपुर।** राजस्थान के तिजारा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए अलवर के भाजपा सांसद बाबा बालकनाथ ने गुरुवार को लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बालकनाथ ने गुरुवार को अपना इस्तीफा नई दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंपा। मुख्यमंत्री पद के लिए बाबा बालकनाथ का नाम भी चर्चा में है।

बाबा बालकनाथ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ स्पीकर से मुलाकात की और फिर अपना इस्तीफा सौंपा। एक दिन पहले यानी बुधवार को भाजपा के 10 सांसदों ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दिया था।



प्रधानमंत्री नई दिल्ली में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देते हुए।


# अमेरिका से मिली जानकारी की जांच के लिए भारत ने बनाई समिति



**नई दिल्ली :** अमेरिका से मिली जानकारी के बाद भारत ने इसकी जांच के लिए एक समिति बनाई है क्योंकि यह देश की की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया है कि उनकी सरजमीं पर एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रचने में भारतीय शामिल हैं। अमेरिका के आरोपों पर राज्यसभा में सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में विदेश मंत्री ने जांच समिति बनाने की बात कही।

**विदेश मंत्री ने संसद में पूछे गए सवाल पर दिया ये जवाबः** विदेश मंत्री ने कहा कि 'जहां तक अमेरिका की बात है, हमारे सुरक्षा सहयोग के चलते अमेरिका ने हमें कुछ जानकारी दी थी।

# 'संविधान के प्रति लोगों को जागरुक कर रही है सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश के हर नागरिक को संविधान के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान सरकार के प्रयासों से लोग संविधान के प्रति जागरुक हो रहे हैं । कोविंद ने गुरुवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में 'नए भारत का सामवेद' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोग जब संविधान को जानेंगे तो उन्हें यह अहसास होगा कि संविधान की रचना करने वालों ने कैसे समाज के हर व्यक्ति की चिंता की थी। हमारा संविधान जागृत संविधान है। इसमें जरूरी संशोधन की व्यवस्था की गई है। धारा 370 को खत्म किया जाना इसका उदाहरण है। आईजीएनसीए के समवेत सभागार में प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान से जुड़े उद्बोधन के संकलन के विषय में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि ह्यनए भारत का सामवेदह्ण नामक पुस्तक प्रधानमंत्री मोदी के संविधान पर दिए गए भाषणों का एक संकलित पुस्तक है। इसमें जो भी कंटेंट है वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वेबसाइट से लिया गया है। इसमें कोई भी संपादन नहीं किया गया है।

लोकार्पण अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

# 'असम में 1966 से 1971 के बीच कितने बांग्लादेशियों को दी गई नागरिकता'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम में बांग्लादेशी प्रवासियों को प्रदान की गई भारतीय नागरिकता के आंकड़े उपलब्ध कराए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंद्रेश, जस्टिस जेबी पाडीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की संविधान पीठ असम में घुसपैठियों से संबंधित नागरिकता अधिनियम की धारा-6ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 17 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 11 दिसंबर से पहले हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही केंद्र को निर्देश दिया कि वह भारत में खासकर पूर्वोत्तर राज्यों में घुसपैठियों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में उसे सूचित करे।

# मुख्यमंत्री ने डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय एफआरआई में आयोजित होने वाले डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल पर गुरुवार को सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानमंत्री 08 दिसंबर (शुक्रवार) को शुभारंभ करेंगे, जबकि गृहमंत्री अमित शाह 9 दिसंबर को समापन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अभी 3 लाख करोड़ के करार और 44 हजार करोड़ के करारों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अभी 3 लाख करोड़ के करार किए जा चुके हैं, जबकि 44 हजार करोड़ के करारों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में कार्य करने के लिए निवेशकों की ओर से जो रुचि दिखाई गई है जिससे राज्य की प्रगति में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

**उद्घाटन** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 प्री-वाइब्रेंट इवेंट का किया शुभारंभ

# मोदी ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को विशेष महत्व दियाः राजीव




**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**

केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि आजादी के बाद भारत के इतिहास का सबसे स्वर्णिम और ऐतिहासिक समय अभी चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को विशेष महत्व दिया है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2014 के बाद से देश में इन्वेस्टमेंट इकोसिस्टम और डिजिटल इकोसिस्टम लगातार प्रगति कर रहा है। एक समय में कंज्यूमर के रूप में जाना जाने वाला भारत पिछले नौ वर्ष में प्रोड्यूसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। केन्द्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को गांधीनगर के एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2023 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने उद्घाटन किया। राज्य के शिक्षा विभाग की ओर से वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के प्री-इवेंट के रूप में इस स्टार्टअप कॉन्क्लेव -2023 का आयोजित किया है।

**बढ़ावा**

**8 कंज्यूमर के रूप में जाना जाने वाला भारत पिछले नौ वर्ष में प्रोड्यूसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।**

केन्द्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। यह दशक देश में डिजिटल और टेक्नोलॉजी क्रांति का दशक है। वर्ष 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की जीडीपी का पांचवां हिस्सा होगी। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के टैलेंट पूल के सामर्थ्य को प्रोत्साहन देकर विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्टार्टअप इनोवेशन-नवाचार को प्राथमिकता दी है। यह कॉन्क्लेव गुजरात को देश और विदेश से जोड़ने वाले एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के इवेंट के रूप में स्टार्टअप निवेशकों और एंजेल नेटवर्क के विचारों और अवसरों के आदान-प्रदान के लिए एक सक्षम प्लेटफार्म के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

# राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी सदस्यों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा (सेवानिवृत्त) ने राज्यपाल के कोट पर सशस्त्र सेना ध्वज लगाया।इस अवसर पर, राज्यपाल ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने और सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके



परिवारों के कल्याण के दृष्टिगत इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। देश सेवा करते हुए सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दिया गया अतुलनीय बलिदान हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत है।

## शिमला: राज्यपाल ने रविंद्र ठाकुर की पुस्तकों का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव प्रताप** शुक्ल ने गत दिवस को राजभवन में रविंद्र सिंह ठाकुर की दो पुस्तकों 'जंगल सर्वाइवलइ और 'दादी मां की कहानियां और किस्से का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने लेखक के प्रयासों की सराहना की। 'जंगल सर्वाइवलइ पुस्तक में बताया गया है कि किस प्रकार हम कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहते हुए और प्रकृति से जुडकर



विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी रचनात्मक कल्पनाशक्ति को बनाए रख सकते हैं। 'दादी मां की कहानियां और किस्सेइ पुस्तक में जीवन जीने की राह बताने वाले सुझाव और प्रेरणादायक विचार भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और उपयोगी साबित होंगे।

## 11 तारीख को कांगड़ा में सरकार के एक साल के कार्यकाल पर होगा कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**गुरुवार को** राजधानी शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने की। इस मौके पर प्रदेश सरकार मंत्रिमंडल के सदस्य और कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार एक साल के कार्यकाल का जश्न धूमधाम से कांगड़ा में मनाएगी। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वार्ड इसमें मुख्य अतिथि शामिल होंगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार का 1 साल का



कार्यकाल पूरी होने जा रहा है जिसको लेकर जिला कांगड़ा में 11 दिसम्बर को कार्यक्रम भी आयोजित किया जाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसमें कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 1 साल का कार्यकाल चुनौती पूर्ण रहा, लेकिन सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार चरणबद्ध तरीके से गारंटीयों को पूरा कर रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार ने बहाल की। हर विधानसभा क्षेत्र में एक मॉडल स्कूल खोलने की जैसी बातों को शुरू करने का काम किया, जो मील का पत्थर साबित होगी।

## न्यूज फ्लैश

### डीजी डिस्क अवार्ड से सम्मानित हुए प्लाटून कमांडर सोमदत्त शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। हिमाचल** प्रदेश के जिला सिरमौर से संबंध रखने वाले प्लाटून कमांडर सोमदत्त शर्मा को गृहरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा संयुक्त प्रशिक्षण संस्थान सर्गिन शिमला में आयोजित 61वें राज्य स्तरीय स्थापना दिवस पर डीजी डिस्क अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनको डीजी गृहरक्षा विभाग राकेश अग्रवाल ने प्रदान किया है। बता दें सोमदत्त शर्मा सिरमौर जिले के धारटीधार क्षेत्र की कांडो कांसर पंचायत के मंधारा गांव के रहने वाले है। जानकारी के मुताबिकए गृहरक्षा विभाग में शिमला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक सेवाएं दे रहे प्लाटून कमांडर सोमदत्त शर्मा को 30 साल की नौकरी में सराहनीय कार्यों के लिए यह सम्मान मिला। सोमदत्त शर्मा ने बताया कि इन दिनों वह सीटीआई शिमला में बतौर मुख्य प्रशिक्षक तैनात हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार प्राप्त कर उन्हें काफी गर्व हो रहा है।

### मोटरसाइकिल सवार टकराया नीलगाय से, दोनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। माजरा** थाना के अंतर्गत धौलाकुआं के समीप नेशनल हाईवे पर नीलगाय से मोटरसाइकिल सवार की टक्कर होने पर गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई है। नीलगाय के साथ हुई इस टक्कर में जहां नीलगाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। तो वहीं युवक की गंभीर हालत में नाहन मेडिकल कालेज ले जाते समय मौत हो जाने का समाचार भी मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए कोलर गढीवाला निवासी 23 वर्षीय हर्ष पुत्र सुरेश पाल पोस्ट ऑफिस धौलाकुआं तहसील पौंटा साहिब बीती रात करीब 8 बजे के आसपास अपनी मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। इसी दौरान धौला कुआं से आगे चढ़ाई पर अचानक जंगल से नर नीलगाय सडक क्रॉस कर रहा था। वहीं दूसरी ओर से हर्ष अपनी मोटरसाइकिल से जैसे ही यहां से गुजर उसकी जोरदार टक्कर नर नीलगाय से हो गई।

## चिट्टे का कारोबार करने वालो के लिये सख्त कानून बनाये सरकार: महेंद्र धमाणी

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

**चिट्टे का कारोबार करने** वालो के लिये सख्त कानून बनाये सरकार और एक बार चिट्टे के पकड़े जाने पर, उसके पास चाहे कम ही मात्रा क्यों न हो उसे जेल होनी चाहिए। ये बात संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धमाणी ने ग्राम पंचायत गतवाड़ के भदसी में पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हमे आने वाली पीढ़ी को चिट्टे के नशे से बचाना होगा ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य ठीक रहे। हमें बच्चों के साथ दोस्त की तरह रहना होगा ताकि वो जब स्कूल कॉलेज से घर आये तो अपने माता पिता के साथ बीते दिन हर बात को सांझा करे और वह दिन में किस किस से मिलता है ये सब बताए। उन्होंने गांव के बड़े बजुर्गो से निवेदन किया कि अगर कोई गांव अनजान व्यक्ति आता है तो उससे पूछताछ जरूर करे कि वो कौन है, कहा ये आया और किस से मिलने आया हुआ है ऐसा करने से चिट्टा बेचने वालों को भी डर होगा कि इस गांव मे लोग पूछताछ करते है जिस डर से वो गांव में नही आएंगे।

## 'देई कार्यक्रम के तहत छात्राओं को करवाया एक्सपोजर विजिट'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**बाल विकास** परियोजना अधिकारी, सदर, मंडी वंदना शर्मा ने बताया कि बाल विकास परियोजना सदर मंडी के पर्यवेक्षक वृत्त टारना द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या मंडी की बारहवीं कक्षा की कला संकाय की छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अन्तर्गत जिला प्रशासन मण्डी द्वारा शुरू किए गए इदेईइ कार्यक्रम के तहत वीरवार को उपायुक्त तथा पुलिस




अधीक्षक मण्डी के कार्यालयों का इएक्सपोजर विजिटइ करवाया गया जिसमें उक्त छात्राओं को प्रशासन तथा पुलिस सेवाएं क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित किया गया और साथ में इन कार्यालयों में किए जाने वाले कार्यों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई।

## होमगार्ड के 61वें स्थापना दिवस पर नाहन में कार्यक्रम आयोजित: एलआर वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**आपदा के समय** गृह रक्षक प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोगों के जान व माल की रक्षा करते हैं जोकि सराहनीय कार्य है यह बात अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने होमगार्ड के 61 वें स्थापना दिवस के अवसर पर गृह रक्षा चतुर्थ वाहिनी प्रशिक्षण केन्द्र विक्रम कैंसल, नाहन में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर में भारी मानसून के दौरान सिरमौर ताल व चारुवाला घाटए कडईवाला में आई आपदा में इस वाहिनी द्वारा बचाव एवं खोज कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त गृह रक्षक आगजनी, भूकंप इत्यादी आपदाओं तथा मेलों व मंदिरों की सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रशासन के साथ आम जन की सहायता के लिए सदैव कर्तव्य निष्ठा तथा अनुशासन के साथ तैयार रहते है। स्थापना दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों द्वारा अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें मार्च पास्ट, ड्रिल, पीटी तथा आपदा प्रबंधन के सम्बन्धित मॉकड्रिल की गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व महा आदेशक होमगार्ड के संदेशों को पढ़ा गया। कार्यक्रम में होमगार्ड बैंड द्वारा उपस्थित लोगों का मधुर धुनों के साथ मनोरंजन किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों तथा ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले गृह रक्षकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त महानिदेशक गृह रक्षा के एस पुंडीर, जेसीओ एनसीसी उधम सिंह, सहित आदि मौजूद रहे।

## आईआईटी मंडी को सीओपी 28 यूएई में मिला 'ग्रीन यूनिवर्सिटी' का पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भारतीय प्रौद्योगिकी** संस्थान मंडी को ग्रीन यूनिवर्सिटी पुरस्कार प्रदान किया गया है। यूएई में सीओपी 28 में संस्थान को इस प्रतिष्ठित ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। संस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान एक गैर-सरकारी संगठन ग्रीन मेंटर्स द्वारा प्रदान किया गया है। ग्रीन मेंटर्स एक ऐसा प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठन जिसको संयुक्त राज्य अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के विशेष सलाहकार का दर्जा प्राप्त है। संस्थान को यह प्रतिष्ठित सम्मान



पर्यावरण के सम्बन्ध में किये जा रहे स्थायी कार्योंए उनके प्रति व्यापक प्रतिबद्धता एवं पर्यावरणीय पहलों के प्रति संस्थान के समग्र दृष्टिकोण के सम्बन्ध में प्रदान किया गया है।संस्थान की इस उपलब्धि पर बात करते हुए आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा, 'यह उपलब्धि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संकाय, कर्मचारियों और छात्र समुदाय द्वारा किए गए अटूट प्रयासों, प्रतिबद्धता और जमीनी काम का परिणाम है। 'आईआईटी मंडी का दृष्टिकोण रहता है कि यह युवा छात्रों और कैम्पस निवासियों के बीच पर्यावरण समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाए साथ ही परिसर के चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को भी बढ़ावा दें। वहीं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए आईआईटी मंडी पर्यावरण ऑडिट करने, ग्रीन ऑडिट लागू करने, कैम्पस में शाकाहारी आहार को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल है। इसमें कैम्पस के पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन करना और संस्थान के विभिन्न इकाइयों की नेट कार्बन उत्सर्जन का आंकलन करना शामिल है। संस्थान का समग्र लक्ष्य यह है कि आगामी 10 वर्षों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल किया जाए। ये हरित पहल न केवल संस्थान को इसके पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन करने में मदद करेगी बल्कि परिसर समुदाय के बीच पर्यावरणीय जागरूकता भी पैदा करेगी। जानें ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड के बारे में ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड ग्रीन मेंटर्स संस्था की एक ऐसी पहल है जो उन वैश्विक विश्वविद्यालयों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समुदाय और छात्र जुड़ाव को बढ़ावा देते हुए अपने मौलिक सिद्धांतों, संचालन और शैक्षणिक पेशकशों में पर्यावरण-जागरूकता और स्थिरता को शामिल किया हो। साथ ही इन संस्थानों द्वारा ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, नवीन ऊर्जा समाधान, अपशिष्ट कटौती और रीसाइक्लिंग कार्यक्रमों और स्थायी परिवहन को बढ़ावा देने वाली पहलों का कार्यान्वयन किया हो। ग्रीन मेंटर्स संस्था उन विश्वविद्यालयों की पहचान करती हैं।

## सोलन: रैंकिंग 2024 में शूलिनी यूनिवर्सिटी उत्तर भारत में शीर्ष पर

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**हिमाचल प्रदेश** स्थित शूलिनी विश्वविद्यालय, जिसे विभिन्न रैंकिंग इस्टिच्युट द्वारा रिसर्च पेरामीटर्स पर शीर्ष प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में स्थान दिया गया है, अब क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2024 में उत्तर भारत में अग्रणी प्राइवेट यूनिवर्सिटी के रूप में उभरा है। रैंकिंग अधिक सतत अस्तित्व के लिए इस्टिच्युटस की प्रतिबद्धता को दशार्ती है और शिक्षा और अनुसंधान के केंद्रों के रूप में उनके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन करती है। जबकि शूलिनी यूनिवर्सिटी ने उत्तरी क्षेत्र के सभी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, इसे इस श्रेणी में देश



भर में चौथे नंबर पर रखा गया है। विश्व स्तर पर यूनिवर्सिटी को सभी पब्लिक और प्राइवेट यूनिवर्सिटीज के बीच 579 वें स्थान पर रखा गया है। कैटेगरी में शूलिनी यूनिवर्सिटी से आगे एकमात्र प्राइवेट यूनिवर्सिटी बिट्स, पिलानी, वीआईटी और मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन हैं। शूलिनी यूनिवर्सिटी को एन्वायरमेंट इम्पैक्ट के लिए वैश्विक स्तर पर 400वां और गवर्नेंस के लिए 415 वां स्थान दिया गया है। नॉलेज एक्सचेंज की कैटेगरी में इसे दुनिया भर में 280 वें और एन्वायरमेंट सस्टेनेबिलिटी के लिए 112वें स्थान पर रखा गया है। चांसलर प्रो. पीके खोसला ने कहा कि रैंकिंग ने रिसर्च और सस्टेनेबिलिटी पर ध्यान केंद्रित करने के यूनिवर्सिटी फ उंडर्स के दृष्टिकोण को सही साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये यूनिवर्सिटी के प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे और उन्होंने आगे कहा कि यूनिवर्सिटी आने वाले वर्षों में अपनी रैंकिंग में और सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने कहा कि हिमालय की गोद में स्थित यूनिवर्सिटी ने हमेशा पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए काम करने का प्रयास किया है। यह बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे प्रयासों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। वाईस चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए टॉप रैंकिंग श्पर्यावरण की स्थिरता और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह रैंकिंग हमें आने वाले वर्षों में और भी बेहतर प्रयासों और प्रदर्शन के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी। हैरानी की बात यह है कि पहले शीर्ष 200 रैंक में कोई भी भारतीय यूनिवर्सिटी नहीं है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग स्थान 220 में दिल्ली यूनिवर्सिटी को सबसे सस्टेनेबल इंडियन यूनिवर्सिटी के रूप में परिभाषित किया गया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के बाद, आईआईटी बॉम्बे विश्व स्तर पर 303वें स्थान पर है, इसके बाद आईआईटी मद्रास 344वें, आईआईटी खडगपुर 349वें, आईआईटी रूडकी 387वें और आईआईटी दिल्ली 426वें स्थान पर है।

## शिवा पंचायत में फर्नीचर की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** के सिरमौर जिले के शिवा पंचायत में फर्नीचर की दुकान जलकर राख हो गई। इसके अलावा साथ खड़ी ऑल्टो कार व एक बाइक जलकर राख हो गई। वहीं, एक पिकअप गाड़ी व बाइक आंशिक रूप से जल गई है। जानकारी के अनुसार शिवा गांव निवासी कपिल फर्नीचर की दुकान में आग लगी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। दुकान मालिक ने बताया कि इस आग में उनका लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया है।आग से दुकान में रखी कट्टर मशीन, 2 कम्प्रेशर



जलकर राख हो गए हैं। प्रभावित कपिल ने बताया कि जब वह सुबह दुकान पर पहुंचे तो सब राख हो चुका था। शिवा पंचायत की प्रधान बबिता परमार ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। पुष्टि करते हुए तहसीलदार पांवटा साहिब ने बताया कि पटवारी को मौके पर भेजकर रिपोर्ट बना दी है। जल्द ही उचित मुवावजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## नाटक अंधेर नगरी का प्रथम सफल मंचन किया

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**बहिरंग थिएटर** कुल्लू व लाहौल स्पिति के बाल कलाकारों ने संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सहयोग से आयोजित एक माह अवधि के नाट्य कार्यषाला के समापन पर राजकीय प्राथमिक पाठषाला कोली बेहड के प्रांगण में भारतेन्दु हरिष्चन्दर द्वारा लिखित नाटक अंधेर नगरी का प्रथम सफल मंचन किया। आसपास के ग्रामीणों सहित विद्यालय के अध्यापकों तथा विषेशकर छात्रों ने इस नाट्य प्रस्तुति को देखा और सराहा। आरती ठाकुर के निर्देशन में संचालित इस कार्यशाला में लगभग 14 बच्चों ने भाग लिया और उक्त नाट्य प्रस्तुति को भी




तैयार किया। विद्यालय के अध्यापक मोहिन्दर सिंह ने बाल कलाकारों की इस प्रस्तुति की बहुत प्रषंसा की और संस्था का धन्यवाद किया और आग्रह किया कि उनके स्कूल के बच्चों के साथ भी भविष्य में इस तरह की नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जाए। नाटक एक मूर्ख राजा जिसका नाम चौपट है के इर्द गिर्द घूमता है। वह हर वक्त न्याय करने के लिए आतुर रहता है। एक औरत की बकरी दीवार के नीचे दब कर मर जाती है तो कहता है कि दीवार को सजा हो पर मंत्री कहता है।

## मंडी के व्यास सदन में 18 दिसम्बर को लगेगा शिविर: ओम कांत ठाकुर

### एलिम्को की टीम द्वारा कृत्रिम अंग की आवश्यकता का किया जाएगा आकलन

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**एसडीएम सदर ओम** कांत ठाकुर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिकृत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को के माध्यम से दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए मंडी के व्यास सदन में 18 दिसम्बर को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एलिम्को की टीम द्वारा दिव्यांगजनों को जिन्हें किसी भी प्रकार के कृत्रिम अंग या सहायक उपकरण की आवश्यकता है, का आकलन किया जाएगा। यह



जानकारी उन्होंने वीरवार को शिविर के आयोजन के जरूरी प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए गठित उपमंडल स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि एलिम्को द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व व्हील चेयर, हियरिंग एड, कैलिपर, छड़ी, सेंसर स्टीक्स सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए दिव्यांगों को आपने साथ यूडीआईडी कार्ड अथवा दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो कि 40 प्रतिशत से कम न हो, तहसीलदार या प्रधान ग्राम पंचायत द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण पत्र जो कि 2 लाख 70 हजार रुपये तक होए आधार या वोटर कार्ड और 2 पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे। उन्होंने बताया कि एलिम्को संस्था प्रथम चरण के शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग तथा व्हील चेयर, हियरिंग एड, कैलिपर, छड़ी, सेंसर स्टीक्स सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने को लेकर आकलन किया जाएगा।

एसडीएम ने शिविर के सफ ल आयोजन को लेकर समिति के सभी सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों से इसके व्यापक प्रचार प्रसार करने पर बल दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा सके। मंडी के अतिरिक्त जोगिन्द्रनगर के चौंतड़ा, सरकाघाट, करसोग और गोहर में भी यह शिविर आयोजित होंगे।बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश ठाकुर, तहसील कल्याण अधिकारी चंदन गुलेरिया, बीडीओ सदर चेत राम सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# परवाणू में भारी बरसात से प्रभावित पीड़ित लोगों का एक समूह मनमोहन शर्मा से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/ परवाणू/ विमल ग्रोवर**

**परवाणू में भारी** बरसात से प्रभावित पीड़ित लोगों का एक समूह परवाणू नगर परिषद अध्यक्ष मोनिशा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सोलन उपायुक्त मनमोहन शर्मा से मिलने पहुंचा। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, पूर्व नप अध्यक्ष व वार्ड पार्षद ठाकुर दास शर्मा, नप कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा, सामाजिक संस्था एसएनएस फ उंडेशन की ओर से देवेंद्र शर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस पूरे मामले में प्रभावित परिवारों नें जिला उपायुक्त मनमोहन शर्मा से मांग की है की जल्द से जल्द बरसात से क्षतिग्रस्त हुए डंगे को बनवाया जाए। इस दौरान नप कार्यकारी अधिकारी



अनुभव शर्मा नें बताया की जिला उपायुक्त महोदय द्वारा इस मामले को युद्धस्तर पर करवाने का आश्वासन दिया गया है। पूर्व नप अध्यक्ष व सम्बंधित वार्ड पार्षद ठाकुर दास शर्मा नें बताया की जिला उपायुक्त इस पुरे मामले को लेकर गंभीर हैं और उनके द्वारा आपदा को देखकर पहले ही सुखना नाला को चेनेलाइज करने के आदेश भी दिए जा चुके है। बता दें परवाणू में बरसाती आपदा से हुई भारी तबाही के कारण कई जगहों पर भारी क्षति पहुंची थी। इस भयंकर आपदा के कारण परवाणू सेक्टर चार के वार्ड 6 में बने आईएचएसडीपी के अंतर्गत बनाये गए मकानों के बिल्कुल सामने का पूरा डंगा गिर जाने से लगभग 32 परिवार बहुत अधिक प्रभावित हुए थे। नप द्वारा मौके.की परिस्थिति को देखकर सभी परिवारो को दूसरे मकानों में शिफ्ट करना पड़ा था। उधर, नप अध्यक्ष मोनिशा शर्मा नें बताया की समस्या को जानकर उपायुक्त द्वारा शीघ्र नगर परिषद, लोकनिर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग की एक जॉइंट टीम गठित कर मौके का निरिक्षण कर एस्टीमेट बनाने और शीघ्रता से समस्या के समाधान के आदेश दिए गए है।

# विशेष बीज बुआई अभियान के अंतर्गत बधाह प्रजाति की कलमें रोपित: रजनीश महाजन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**वन मंडल डलहौजी के तत्वावधान में** क्रियान्वित किया जा रहे हैं विशेष बीज बुआई अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन बधाह प्रजाति की 2500 से अधिक कलमें रोपित की गई हैं। वन मंडल अधिकारी डलहौजी रजनीश महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी शीत ऋ तु के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से क्रियान्वित किए जा रहे विशेष बीज बुआई सप्ताह के अंतर्गत आज तीसरे दिन डलहौजी वन मंडल के वन परिक्षेत्रों डलहौजी, बकलोह चुवाड़ी और भटियात के अंतर्गत बधाह प्रजाति की 2500 से अधिक कलमें रोपित की गई हैं। उन्होंने बताया कि



आज इस विशेष बीज बुआई अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, स्थानीय ग्रामवासियों और ग्राम वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों ने श्रमदान कर इस पुनीत कार्य में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया है। उन्होंने आगे बताया कि वन मंडल डलहौजी के तहत वन अग्नि से प्रभावित क्षेत्रों तथा नमी वाले वन इलाकों में बधाह प्रजाति की 2500 से अधिक कलमें रोपित की गई। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि बधाह की कलमें नमी वाले स्थानों पर अधिक प्रभावी पाई जाती हैं तथा बधाह के पेड़ भूमिकटान को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## देवी मंदिर के समीप बाइक पर चालक के पीछे बैठी लडकी नीचे गिरकर हुई चोटिल

**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/ विजय समयाल। पुलिस थाना** फ तेहपुर के तहत पड़ते जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर स्थित देबी मंदिर के समीप बाइक पर चालक के पीछे बैठी लडकी अचानक बाइक से गिर गई। जिस कारण लडक ी के सिर पर चोटें आई हैं। जिसे नूरपूर के लिए रेफर कर दिया गया है। जखबड़ निबासी युवक अभिनब ने बताया बो अपनी जान पहचान बाली पोलियाँ निबासी लडक ी तमन्ना ठाकुर को बाइक पर बिठाकर धमेटा से घर की तरफ जा रहा था कि अचानक देबी मंदिर के समीप बाईक स्किट हुई व पीछे बैठी लडकी तमन्ना धीमान नीचे गिर गई।

# सड़क को खोलने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**घुमारवीं उपमंडल** के तहत पड? वाली पंचायत लंझता में पिछले छह महीने से बंद पड़ी सडक को खोलने की प्रशासन से गुहार लगाई है। इस संबंध में पंचायत प्रधान प्रतिमा चौहान की अध्यक्षता में एसडीएम गौरव चौधरी को आज ग्रामीणों सहित ज्ञापन सौंपा। यह जानकारी देते हुए पंचायत प्रधान प्रतिमा चैहान ने बताया कि यह सडक बरसात में घटित आपदा के कारण भूस्खलन से काफ ी खराब हो गई थी। जिस कारण लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस सडक को 16 जुलाई को बंद कर दिया गया



था, जिसे आज तक नहीं खोला गया है। इस सडक पर छोटे वाहन तो चलते हैं, पर भारी वाहन व बसों के लिए यह अभी भी बंद है। बेशक राजस्व रिकार्ड में सडक की कुल चैड़ाई 36 फीट थी। लेकिन भूण्स्वामियों द्वारा कई स्थानों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा कर लिया गया है। अब वे जल निकासी और सडक विस्तारीकरण जैसे पीडब्ल्यूडी के कार्य में हस्तक्षेप कर रहे है। इस सडक का भुगतान कई बार संशोधन के अनुसार भूस्वामियों को दिया जा चुका है। इसके बाबजूद वे उक्त रिकार्ड के अनुसार सडक की चैड़ाई बताने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नावार्ड के तहत अपग्रेड की जा रही इस सडक के अपग्रेडेशन पर लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। बरसात सीजन में भारी बारिश के कारण 16 जुलाई, 2023 को पीडब्ल्यूडी द्वारा इस सडक को बंद कर दिया गया था। ऐसे भूस्खलन वाले स्थानों पर सडक को बनाए रखने के लिये सुरक्षा दीवार लगाने की आवश्यकता है लेकिन आसपास के भूमि मालिकों के अवैध कब्जे के कारण लोक निर्माण विभाग ऐसा करने में विफ ल रहता है। वहीं सडक सदर विधानसभा क्षेत्र की ओर जाती है और इस गैरकानूनी कार्रवाई से कई गाँवो, स्कूली बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और मरीजों लगभग को काफ ी परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि शीघ्र अतिशीघ्र इस सडक को खोलकर क्षेत्र के लोगों को राहत दी जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में नूतन चैहान, प्रोमिला देवी, धनीराम, राजेश, राजेन्द्र, शीला देवी, जगदीश, रमेश, प्रकाश, लता कुमारी, कश्मीरी सहित लगभग सौ लोग पंचायत प्रतिनिधियों सहित मौजूद रहे।

# भवानी का अधिकारियों को आदेश हर मछुआरे को मिले योजनाओ का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/ विजय समयाल**

**महाराणा प्रताप सागर** झील पौंग झील में 70 से 80एमएम साइज का मछ्ली का बीज सिहाल खड्डु पर पौंग में डाला गया। यह बीज कोलकता से ट्रको मे लाया गया है। इस दौरान मत्स्य सहकारी सभा सिहाल, धमेटा, स्थाना व खटियाड़ के पदाधिकारी व पौंग बांध के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौका पर स्थानिय विधायक भवानी सिंह पठानियां कार्यक्रम मे पंहुचे और अपने शुभ हाथो से पौंग बांध मे मछली का बीज डालने का श्री गणेश अपने हाथ से किया। उनके साथ मत्स्य विभाग के निदेशक बिवेक चंदल भी मौजूद रहे । विभाग द्धारा कोलकता से मगबाएं बीज का खूद निरिक्षण किया और बीज के बारे मे जानकारी जुटाई जब की मौका पर बीज के साईज को भी नापा गया। इसके बाद विधायक ने सरकार की योजनाओ का लाभ लेने बाले मछुआरो को चैक भी बांटे एकरीब दो दर्जन मछुआरो को सरकार की योजनाओ के तहत किस्ती नाब, मोटरसाईकल आदि लेने के लिए चैक भी वितरित किए। इस मौका पर विधायक भवानी सिंह पठानियां ने अधिकारियों को आदेश दिए की सरकार की योजनाओ का हर मछुआरे को लाभ मिले यह अधिकारी सुनिश्चत करे। अर्थात उन्होने कहा कि सरकार की योजनाओ के लाभ से कोई भी मछुआरा बंचित न रहे। उन्होंने कहा कि इस बार डाले जा रहे बीज की मात्रा को भी बढाया गया है ताकि आने वाले वक्त में मछुआरों को अच्छी आय हो सके। मछुआरों की आय को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौका पर पौंग बांध के सहायक निदेशक, बिवेक शर्मा, मत्स्य अधिकारी पंकज पटियाल, मतस्य अधिकारी देहरा कबिता भाटिया, नगरोटा सुरिया के मत्स्य अधिकारी मनजीत सिंह व बरनाली के मत्स्य अधिकारी अंकुश धीमना, नंदपुर के मत्स्य अधिकारी मानब व धमेटा के बजरु राम मौजूद रहे।

**एक करोड़ का मछली का बीज डाला जा रहा है पौंग बांध में: विबेक चंदेल**

कार्यक्रम मे मौका पर पंहुचे मत्स्य विभाग के कप्तान एवं निदेशक बिवेक चंदेल ने बताया कि इस बार 98,78,700 रुपेय की लागत से 71,10,000 आंकडा.बीज पौंग बाध मे डाला जा रहा है।

## बिलासपुर में एनसीसी कैडेट्स ने मूर्तियों को संवारा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। राजकीय महाविद्यालय** बिलासपुर के एनसीसी आर्मी बैंक के कैडेट्स ने मासिक सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत जिला भाषा संस्कृति विभाग के कार्यालय के पास पार्क में स्थित मूर्तियों की साफ -सफ ाई की। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जय महलवल ने बताया की यह सामाजिक गतिविधि हर माह महाविद्यालय प्राचार्या के सहयोग से एवं द्वितीय बटालियन एनसीसी मंडी के दिशा-निदेर्शानुसार करवाई जाती है। इस गतिविधि में 21 कैडेट्स ने अपना योगदान दिया अपना योगदान दिया जिसमें कुछ केडिट ने कुछ कैडेट्स ने राह चलती जनता को भी साफ -सफ ाई के लिए जागरूक किया और कुछ कैडेट्स ने मूर्तियों की साफ -सफ ाई में अपना अहम योगदान दिया।

# एक साल के कार्यकाल को भव्य बनाने की तैयारी, राजीव भवन में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**शिमला स्थित प्रदेश** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने की। इस मौके पर प्रदेश सरकार से कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहा। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि 11 तारीख को होने वाले एक साल के कार्यक्रम को लेकर आज हम मीटिंग बुलाई गई थी जिसमें सभी जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी से फीडबैक लिया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पूरी तैयारी की गई है तथा अधिक से अधिक मात्रा में लोगों को कैसे वहां पहुंचा जाए इसको लेकर आज रणनीति बनाई गइ। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का 1 साल का कार्यकाल अच्छा रहा है हालांकि दुर्भाग्य से प्रदेश में आपदा आई जिसने बड़ा नुकसान हिमाचल प्रदेश में किया। प्रतिभा सिंह, अध्यक्ष, हिमाचल कांग्रेस संगठन में नियुक्तियों को लेकर प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद संगठन से निकले हैं और उन्हें बात की खुशी भी है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए उन्हें खुद से ही पार्टी कार्यकताओं को तवज्जो देनी चाहिए उन्होंने कहा कि बात एनएसयूआई की हो युवा कांग्रेस की या महिला कांग्रेस की। मुख्यमंत्री को सोचना चाहिए कि इन्हें भी महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति दी जानी चाहिए ताकि पार्टी कार्यकर्ता भी अपने आप को महत्वपूर्ण समझे और आगामी चुनाव के लिए काम भी करें।

# टाटा मोटर्स ने इंट्रा वी-20 गोल्ड पिकअप और ऐस एचटी. किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**भारत में कमर्शिअल** वाहनों के सबसे बड़े निमार्ता टाटा मोटर्स ने ऑल.न्यू इंट्रा वी70 इंट्रा वी20 गोल्ड और ऐस एचटी.को लॉन्च किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। इन गाड़ियों का प्रयोग कई कामों के लिए किया जाता है। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है ।टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रा वी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जन लॉन्च किया ।इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया है ।नई गाड़ियों के लॉन्च के साथ टाटा मोटर्स ने नए कमर्शिअल वाहन और पिकअप की बड़ी रेंज पेश की है। इससे उपभोक्ता अपनी जरूरतों के हिसाब से आदर्श वाहन पसंद कर सकते हैं। अब देश भर में इन वाहनों की बुकिंग टाटा मोटर्स सीवी डीलरशिप पर खुल गई है ।टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा तरह तरह का सामान इधर से उधर ले जाने के लिए ये वाहन आदर्श समाधान मुहैया कराते हैं। हमारे छोटे कमर्शिअल वाहन और पिकअप उपभोक्ताओं को उनकी कमाई का साधन मुहैया कराते हैं। इन वाहनों को अपने उपभोक्ताओं की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। आज लॉन्च की गई गाड़ियों में प्रमुख फीचर्स जोड़े गए हैं। जिन लोगों को अपने सामान को काफी प्रभावी ढंग से इधर से उधर पहुंचाने की जरूरत होती है उनकी तरफ से इस तरह के व्हीकल्स की काफी डिमांड है। ईंधन की खपत को कम से कम रखने के लिए इन गाड़ियों को डिजाइन किया गया है। इससे लंबी दूरी तक ज्यादा माल पहुंचाया जा सकता है ।तेजी से बढ़ते शहरीकरण,फलती.फूलती ई.कॉमर्स की व्यवस्था,खपत में बढ़ोतरी,एक हब पर केंद्रित माल के वितरण का मॉडल विकसित हुआ है लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है। कंपनी का हर वाहन माल को विश्वसनीय और सुरक्षित ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही ये वाहन मालिकों के साथ व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को बेहतर वाणिज्यिक लाभ प्रदान करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इमटेक्स फॉर्मिंग 2024 का आयोजन 19 जनवरी से

**शिमला। इंडियन** मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) अपने विशेष एक्सपो मेटल फॉर्मिंग मशीन टूल प्रदर्शनी के आठवें संस्करण का आयोजन करेगा। इमटेक्स फॉर्मिंग 2024 - धातु निर्माण और विनिर्माण प्रौद्योगिकि जगत में एशिया की सबसे बड़ी प्रदर्शनी आगामी 19 से 23 जनवरी, 2024 तक बेंगलुरु के बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र (बीआईईसी) में आयोजित की जाएगी।टूलटेक 2024 में मशीन टूल एक्सेसरीज, फॉर्मिंग टूल्स, डाई और मोल्ड, मेट्रोलॉजी, सीएडी/सीएएम, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग पर होगी। इसमें डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग द्वारा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 जैसी नवीनतम तकनीकों को दशार्या जाएगा और भारतीय वेल्डिंग संस्थान के साथ समवर्ती रूप से आयोजित किए जाने वाले वेल्डएक्सपो में वेल्डिंग (जोड़ने) और कटिंग (काटने) से संबंधित प्रौद्योगिकियां प्रदर्शित होंगी। मेस्सी स्टटगार्ट द्वारा आयोजित मोल्डेक्स इंडिया और फास्टनेक्स इंडिया भी इमटेक्स फॉर्मिंग 2024 के साथ मिलकर एक ही जगह पर मोल्डिंग, फास्टनर और फिक्सिंग प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित रहेंगे। इमटेक्स फॉर्मिंग 2024 के दौरान लगभग 45,000 वर्ग मीटर तक फैले प्रदर्शनी स्थल में 18 देशों के तकरीबन 500 प्रदर्शक शामिल होंगे। यह व्यापक एक्सपो आगंतुकों के लिए 5 हॉलो में प्रदर्शित किया जायेगा। प्रदर्शकों द्वारा धातु बनाने की नवीनतम तकनीकों और प्रौद्योगिकियों में नवाचार, रोबोटिक्स और स्वचालन, वेल्डिंग एवं जुड़ाव, वायर फॉर्मिंग तथा ड्राइंग, प्रेस, डाई कास्टिंग, हाइड्रोफॉर्मिंग, शीट मेटल बनाने वाली मशीनें, विशेष अनुप्रयोगों के लिए प्रेस, डाई और मोल्ड, हाइड्रोलिक और वायवीय प्रणाली और तत्व तथा परीक्षण मशीनें, इत्यादि प्रदर्शित होंगी। आईएमटीएमए के अध्यक्ष,राजेंद्र एस राजमाने ने इमटेक्स फॉर्मिंग के आगामी संस्करण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इमटेक्स फॉर्मिंग 2024 देश में सकारात्मक कारोबार हेतु विनिर्माण उद्योगों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इमटेक्स फॉर्मिंग के अधिकांश आगंतुकों में निवेश के इरादे से आने वाले प्रमुख निर्णय निमार्ता होंगें, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शकों के पास आमने-सामने बैठकर व्यावसायिक बैठक करने का भी अवसर होगा।

### एचडीएफसी बैंक का सीएसआर ब्रांड परिवर्तन महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवारों को सतत आजीविका के लिए सशक्त बनाता है

**शिमला। एचडीएफसी बैंक** ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के माध्यम से ग्रामीण भारत के कई राज्यों में महिला नेतृत्व वाले परिवारों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की है ।इस पहल के लिए बैंक ने द नज के साथ सहयोग किया है ।कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य महिला नेतृत्व वाले परिवारों को कौशल प्रशिक्षण और आजीविका वृद्धि के अवसर प्रदान करना,स्थायी आय सृजन को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से इन परिवारों को न्यूनतम रुपये की वार्षिक आय सुरक्षित करने के लिए सशक्त बनाना है ।प्रति परिवार 10000, जिससे ग्रामीण समुदायों में आर्थिक स्वतंत्रता और स्थिरता आएगी ।द एंड अल्ट्रा पॉवर्टी प्रोग्राम नाम की पहल महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवारों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक उपकरण और संसाधन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की एचडीएफसी बैंक की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है ।एचडीएफसी बैंक में सीएसआर की प्रमुख सुश्री नुसरत पठान ने कहा हमारा मानना है कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण समावेशी विकास को आगे बढ़ाने और हमारे समुदायों में सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है ।प्रारंभिक चरण में परियोजना का लक्ष्य पहले वर्ष के भीतर निर्दिष्ट राज्यों में 14000 से अधिक महिला नेतृत्व वाले परिवारों की आय बढ़ाना है ।यह पहल 1 अप्रैल,2023 से 31 मार्च,2027 तक चलने वाली है ।यह परिवर्तनकारी हस्तक्षेप ग्रेजुएशन दृष्टिकोण का उपयोग करता है जो महिलाओं को सशक्त बनाने,उनकी एजेंसी बनाने और एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर उनकी लचीलापन बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया एक सावधानीपूर्वक संरचित कार्यक्रम है ।खाद्य सुरक्षा,आय स्तर,परिसंपत्ति स्वामित्व में सुधार और ऋण और सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच की सुविधा प्रदान करके कार्यक्रम का लक्ष्य इन महिला.नेतृत्व वाले परिवारों के लिए स्थायी सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। द नज के साथ एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की साझेदारी आर्थिक असमानताओं को दूर करने और हाशिए पर रहने वाले समुदायों विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने स्थायी आजीविका और वित्तीय कल्याण की दिशा में एक रास्ता तैयार करने के लिए एक ठोस प्रयास का प्रतीक है।

# पैंशनर्ज की मांगों को अनदेखा न करें सरकार: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**हिमाचल प्रदेश** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जगदीश राम दिनेश की अध्यक्षता में एनजीओ भवन चंगर सेक्टर बिलासपुर में संपन्न हुई। जिसमें जिला के समस्त खंडों, इकाइयों के पदाधिकारियों, सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश महामंत्री हुकम सिंह ठाकुर, प्रदेश मुख्य सलाहकार जेके नड्डा व अन्य प्रदेश, जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। जिनमें स्वर्गीय दुर्गा दास सदर खंड, गंगा देवी, चमेल सिंह,



हरदेई, रविंद्र गर्ग, अमरपुर, इकाई, जगदीश चंदेल, प्यार सिंह चंदेल औहर इकाई से स्वर्ग सिधार गए हैं। जिला महामंत्री चेत राम वर्मा ने मंच संचालन करते हुए बैठक में उपस्थित सभी पेंशनरों का स्वागत किया। पेंशनरों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पेंशनरों की मांगों को अनदेखा कर रही है। प्रदेश स्तरीय अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर 2023 को मनाने के बारे में चर्चा की गई। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहने की उम्मीद की गई। इसके साथ ही जिला स्तरीय पेंशनर्स दिवस सम्मान समारोह को मनाए जाने पर भी चर्चा हुई। जिसमें 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों को हर वर्ष की भांति सम्मानित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने पेंशनरों के ज्वलंत मुद्दों पर अपने विचार रखे। जिनमें जिला प्रधान जगदीश दिनेश, जिला महामंत्री चेत राम वर्मा, प्रदेश महामंत्री हुकम सिंह ठाकुर, प्रदेश मुख्य सलाहकार जेके नड्डा, खंड के प्रधान बीरबल धीमान, लेख राम शर्मा, दौलत राम चैहान, सरवन ठाकुर, लेख राम कौंडल, गोपाल दास शर्मा, ओम प्रकाश गर्ग, सुशील पुंडीर, सीता राम शर्मा, चुनी लाल शर्मा, नरोत्तम धीमान आदि ने संबोधित करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार पेंशनरों की मांगों को अनदेखा नहीं करते हुए उनको मिलने वाले सभी संशोधित वेतनमान के आर्थिक लाभ समय पर देने का प्रबंध करें।

# रिजर्व बैंक इनोवेशन हब ने आई इनोवेट किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अग्रणी एचडीएफसी बैंक ने आज आई.इनोवेट पेश करने के लिए रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की जो एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले फिनटेक के लिए डिजाइन की गई है ।यह पहल विशेष रूप से सहायक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर केंद्रित है ताकि न केवल वृद्धि की जा सके बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी बदलाव भी लाया जा सके। एचडीएफसी बैंक की रिटेल ब्रांच बैंकिंग हेड सुश्री स्मिता भगत ने कहा लगभग तीन चौथाई दिव्यांग व्यक्ति देश के ग्रामीण हिस्सों में रहते हैं ।हमारे देश में विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के पास औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुँच का अभाव है ।एचडीएफसी बैंक वित्तीय सेवा को अपनाने में अंतराल की पहचान करने और समावेशी वित्तीय उत्पादों को नया करने के लिए आरबीआईएच के साथ सहयोग कर रहा है जो आर्थिक स्वतंत्रता को सक्षम बनाता है और विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाता है। हम सभी के लिए एक बैंक हैं और मानते हैं कि विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों के लिए वित्तीय समावेशन कोई विशिष्ट एजेंडा नहीं है यह राष्ट्रव्यापी आर्थिक विकास और नवाचार के लिए उत्प्रेरक है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है एक ऐसी बैंकिंग प्रणाली का निर्माण करना जो भारत जितनी ही विविधतापूर्ण हो ।सुश्री शालिनी सहाय हेड कॉपोर्रेट कम्युनिकेशंस मार्केटिंग और पार्टनरशिप्स, आरबीआईएच ने कहा यह साझेदारी वित्त में नवाचार और समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आई इनोवेट के माध्यम से हम सहायक प्रौद्योगिकी और वित्त के चौराहे पर अभूतपूर्व समाधान लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रिजर्व बैंक इनोवेशन हब भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जो वित्तीय क्षेत्र में नवाचार के लिए अनुकूल माहौल बनाने के प्रयासों का नेतृत्व करती है। एचडीएफसी बैंक अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के तहत अपने परिवर्तन स्टार्टअप अनुदान कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप का समर्थन करता है। एचडीएफसी बैंक और रिजर्व बैंक इनोवेशन हब मौजूदा अंतराल को पाटने और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय पहुंच बढ़ाने के लिए सामाजिक नवाचार और उद्यमिता का लाभ उठाने के लिए एक साथ आए हैं ।इसके अलावा आबादी के इस वर्ग के लिए नवाचार में विशेषज्ञता के साथ योगदान देने के साथ.साथ इस क्षेत्र में स्टार्टअप्स के विकास,त्वरण और पोषण में विशेष सहायता प्रदान करने के लिए एसिसटेक फाउंडेशन को एक सहायक भागीदार के रूप में शामिल किया गया है।

# विधायक सुदर्शन बबलू नें मसलाना में किया पेयजल टैंक का शिलान्यास

## 50 हजार लीटर पानी के टैंक को निर्मित करने में आठ लाख आएगी लागत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**विधायक सुदर्शन** सिंह बबलू ने वीरवार को ग्राम पंचायत राजपुर जसवां में 50 हजार लीटर क्षमता के पानी के टैंक का शिलान्यास किया। मसलाना गांव में 8 लाख की लागत से निर्मित होने वाले पेयजल टैंक से मसलाना, लगयाना, गुलयार क्षेत्र की जनता को पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को तरजीह दी जा रही है। चौकी मन्यार में कॉलेज के भवन निर्माण के लिए करीब 13 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं।



पंजोआ लडोली में डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण के लिए भूमि चिंहित की गई है, जल्द ही उसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के तहत करोड़ों रुपयों की लागत से पेयजल व सिंचाई व्यवस्था को सुधारा जा रहा है। जिस क्षेत्र वाटर स्कीमें बंद पड़ी हैं, उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। वहीं नई स्कीमों का भी निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जनता से किया गया हर वायदा पूरा करेगी। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार और 680 करोड़ की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के पहले चरण की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि 10 में से तीन गारंटियां पूरी कर दी हैं। बाकी बची गारंटीयों को प्रदेश सरकार चरणबद्ध तरीके से जल्द पूरा करेगी। कहा कि प्रदेश सरकार का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बबलू ने कहा कि 11 दिसंबर को धर्मशाला में प्रदेश सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग होशियार सिंह जस्सल, सहायक अभियंता नीरज धीमान, प्रधान राजपुर जसवा मनीषा कुमार, उपप्रधान अनिल कुमार, सुखदेव सिंह, उपप्रधान जगदीश राम, सुरेश कुमार, सूबेदार यमुना दास, इस्लाम दीन, जगतार सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डॉ. शांडिल द्वारा सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर उदारतापूर्वक अंशदान का आग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने प्रदेश एवं जिला वासियों से आग्रह किया है कि वह सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य पर उदारतापूर्वक अंशदान करें। डॉ. शांडिल ने सभी को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि 07 दिसम्बर को देश में सशस्त्र सेना झंडा दिवस आयोजित किया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य उन वीर सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना है जिन्होंने अपना सर्वस्व देश की रक्षा के लिए न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारतीय सेना के रणबांकुरों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों के प्रति हमारे उत्तरदायित्व को स्मरण करवाने का दिवस भी है। उन्होंने कहा कि इस दिवस पर



दिया गया अंशदान सैनिकों के प्रति हमारा सम्मान है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर एकत्रित धनराशि पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण पर व्यय की जाती है। डॉण शांडिल ने कहा कि हिमाचल को वीरभूमि के नाम से जाना जाता है। प्रदेश के वीर सैनिक मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे हैं। प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बना रही है कि सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। उप निदेशक सैनिक कल्याण कर्नल सेवानिवृत सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने इस अवसर पर स्वास्थ्य मन्त्री को झण्डा पिनअप किया। उन्होंने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारियों को भी झंडा पिनअप कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस का विधिवत शुभारंभ किया।

# नाहन में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश में 7** दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2023 तक मनाए जा रहे सशस्त्र सेना दिवस की कड़ी में जिला स्तरीय सेना झण्डा दिवस की शुरूआत जिला मुख्यालय नाहन से की गई। जिला सैनिक बोर्ड के उप निदेशक मेजर दीपक धवन ने उपायुक्त सुमित खिमटा को झण्डा भेंट किया। उपायुक्त ने सशस्त्र सेना निधि के लिये एक सौ रुपए का अंशदान किया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड सुमित खिमटा ने जिला के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से सशस्त्र सेना निधि में झंडे के सम्मान में अंशदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निधि में जमा किया गया धन



प्रदेश के सैनिक वर्ग के कल्याणकारी कार्यों के लिये व्यय किया जाता है जिसमें विधवाएं, अपंग सैनिक, सैनिकों के आश्रित व बेसहारा सैनिकों को समय-समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मेजर दीपक धवन ने कहा कि जिला के समस्त विभागाध्यक्षों को झंडे उपलब्ध करवाए गए हैं जिसमें स्कूली बच्चों से पांच रुपये प्रति झण्डा व स्टाफ से 10 रुपये प्रति झण्डा की दर से राशि एकत्र करने की अपील की गई है।


# कांग्रेस को झटका, सोलन डिप्टी मेयर पद हाथ से निकला

## कांग्रेस में मार काट की स्थिति, बिंदल की कूटनीति आई काम

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**भारतीय जनता** पार्टी ने सोलन नगर निगम चुनाव में डिप्टी मेयर का अहम पद जीत लिया है। मीरा आनंद बनी डिप्टी मेयर। कांग्रेस में इस प्रकार की स्थिति है जिस प्रकार से कांग्रेस में मार काट हो रही है। भारतीय जनता पार्टी ने डिप्टी मेयर की सीट जीत कर दिखा दिया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल की कूटनीति के आगे कांग्रेस की एक नहीं चली। इस चावन में 17 वोटो में से 12 वोट भाजपा के डेप्युटी मेयर के उम्मीदवार को प्राप्त हुए। कांग्रेस ने इसी नगर निगम के लिए विधायक को वोट डालने की शक्तियां दी थीए पर वो वोट भी





कांग्रेस के काम नहीं आया।कांग्रेस ने इस चुनावी रण में ना ना प्रकार के छल कपट किएए पर किसी भी प्रकार का छल कपट नहीं चल पाया। भाजपा का एक पार्षद तो राजस्थान अपनी पोती की शादी के सम्हारो में गया उसके बावजूद भाजपा ने डिप्टी मेयर का पद जीत लिया। पहले चुनाव की तिथि 4 दिसंबर रखी गईए उसके बाद 5 दिसंबर का निर्णय लिया गया और उसको रणनीति के तहत 7 दिसंबर कर दिया गया। 7 दिसंबर इसलिए क्योंकि वहां के एक पार्षद की पोती की शादी उसी दिन थी। इसके पीछे कांग्रेस की मंशा साफ थी कि भाजपा का पार्षद वोट ना डाल सके। इस बात की पुष्टि करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और नगर निगम सोलन के प्रिवेक्षक संजीव कटवाल ने कहा को यह चुनावी हार कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है, कांग्रेस ने कभी सपने में नहीं सोचा था कि इस प्रकार से सोलन में डिप्टी मेयर के पद पर उनको हार देखनी पड़ेगी। सत्ता में बैठने के बावजूद और सभी हथकंडों को अपनाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी इस पद को नहीं बचा पाई इससे साफ प्रतीत होता है कि कांग्रेस की अंतरकल्हा अब बाहर आ गई है। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस चाहे जितना मर्जी दम लगा ले पर उनकी किसी भी प्रकार की छल कपट की राजनीति नहीं चलेगी।

कांग्रेस पार्टी के दो मंत्री बाहर से आए और एक मंत्री स्वयं इसी शहर से था पर उनकी नीति इन चावन में फेल हो गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की यह जीत ऐतिहासिक है जब कांग्रेस के एक धड़े ने स्वयं ही भारतीय जनता पार्टी को वोट डाल दिया इससे साफ दिखता है कि कांग्रेस के पार्षदों को भी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में विश्वास है।

# घर में घुसकर युवती संग गलत हरकत, फाड़े कपड़े

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना हरोली** के तहत एक गांव में घर में घुसकर युवती से गलत हरकत करने व कपड़े फाड? का मामला सामने आ रहा है। इतना ही नहीं युवती के साथ-साथ उसके भाई संग मारपीट भी हुई है। पुलिस ने भाई की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया कि बुधवार रात्रि अपने घर में लेटा हुआ था। मेरी माता व मेरी बहन रसोई में खाना बना रही थी, तो इसी समय गांव के ही दो युवक मेरे घर के अंदर आए और मुझे गले व हाथ से खींच कर कमरा के बाहर ले गए।

# लोक निर्माण मंत्री सिंह 8 व 10 दिसम्बर को मंडी के प्रवास पर


**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**लोक निर्माण** तथा युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह 8 व 10 दिसम्बर को मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। 8 दिसम्बर को लोक निर्माण मंत्री मंडी शहर के समीप गणपति नाला पुल के उद्घाटन तथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना फेस-3 के तहत गणपति रोड़ के स्तरोन्नयन कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद खलियाणा-मटयारी सडक के शिलान्यास तथा कसाण-रछोड़ा सडक का उद्घाटन करेंगे। बाद लोक निर्माण मंत्री द्वारा बस स्टैंड कोटली से कोटली-नैनादेवी बस सेवा का शुभारंभ किया जायेगा। इसके उपरांत भरगांव से अलग वाया टिल्ला सडक का उदघाटन, अणा कैंची से कुसमल सडक का भूमि पूजन तथा धार सुराड़ी से छतरेहड़ सडक का शिलान्यास करेंगे। 10 दिसम्बर को लोक निर्माण मंत्री प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत बनने वाले बिंद्राबणी-मझवाड़-कोटमोर्स सडक का भूमि पूजन, मंगवाई-कठलग सडक के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद तल्याहड़ में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# अखिलेश कपूर बने प्रदेश बीजेपी किसान मोर्चा के महामंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**हिमाचल प्रदेश** किसान भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा अपनी कार्यकारिणी में विस्तार किया गया है और कुल्लू जिला से संबंध रखने वाले भाजपा नेता अखिलेश कपूर को किसान मोर्चा में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। अखिलेश कपूर इससे पहले जिला कुल्लू भाजपा महामंत्री के तौर पर कार्य कर रहे थे। ऐसे में अपनी नियुक्ति पर अखिलेश कपूर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ



राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन तथा पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अखिलेश कपूर ने बताया कि उन्हें संगठन के द्वारा जो जिम्मेदारी सौंप गई है। उसका वह पूरी तरह से निर्वहन करेंगे और केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के हित में जो योजनाएं चलाई जा रही है। उसका भी किसानों को लाभ दिया जाएगा। अखिलेश कपूर ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के सम्मान को बढ़ाने के लिए पीएम किसान निधि योजना चलाई गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी किसान अपनी फसलों का बीमा करवा कर उन्हें सुरक्षित कर रहे हैं। इसके अलावा भी कई अन्य ऐसी योजनाएं हैं जिसका किसानों के बीच जाकर प्रचार किया जाएगा। ताकि घर द्वार पर उन्हें भाजपा के सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं, अखिलेश कपूर की नियुक्ति पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शोरी, आनी के विधायक लोकेंद्र लोकी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, पूर्व पी एम सी अध्यक्ष अमर ठाकुर, बीजेपी नेता नरोतम ठाकुर, जिला कुल्लू बीजेपी अध्यक्ष अरविंद चंदेल, सरवन ठाकुर ने बधाई दी हैं।

# विधायक से मिला पीटीएफ खंड का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। प्राथमिक शिक्षक** संघ खंड जोल जिला ऊना का एक प्रतिनिधि मंडल खंड प्रधान महेश कुमार, जिला महासचिव सतिंद्र मिन्हास व राज्य उपाध्यक्ष सुभाष सैनी के नेतृत्व में वीरवार को कुटलैहड़ विधायक देवेंद्र भुट्टो से मिला। जिन्होंने कलस्टर सिस्टम से छेड़छाड़ पर चर्चा करते हुए ज्ञापन दिया। विधायक ने कहा कि आपकी हर मांग को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विचार विमर्श करूगां। प्रतिनिधि मंडल में पीटीएफ जोल महिला विंग की प्रधान संजू बाला, शशि बाला, किरण कुमारी, जिला प्रवक्ता विजय कुमार, अरविंदर हीर, मनोज कुमार, पवन कुमार, अनिल ठाकुर व विजय कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बैंक सबसे बड़े रक्तदान अभियान का करेगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**भारत का** अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक शुक्रवार 8 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 15वें संस्करण को आयोजित कर रहा है।अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन के तहत भारत के 1200से अधिक शहरों में 6000 केंद्रों पर रक्तदान शिविर का संचालन करेगा। इस वर्ष के रक्तदान अभियान में 4.5 लाख से अधिक रक्तदाताओं के भाग लेने की उम्मीद है।एचडीएफसी बैंक अपने कर्मचारियों,ग्राहकों,कॉरपोरेट्स, रक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के रक्त दानदाताओं को जुटाने के लिए तैयार है। इस साल एक अनोखे दृष्टिकोण में एचडीएफसी बैंक ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए फीलिंग ऑफ सेविंग समवन नामक एक फिल्म लॉन्च की है। फिल्म व्यक्तियों को इस जीवन रक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है और रक्तदान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देती है। एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी निदेशक,भावेश जवेरी ने कहा,एचडीएफसी बैंक में हम लोगों को इस प्रयास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं क्योंकि दान किए गए रक्त की हर बूंद एक संभावित जीवन रक्षक है।अपने 15वें अखिल भारतीय रक्तदान अभियान के साथ हम नागरिकों को इस नेक काम में भाग लेने और अपना योगदान देने के लिए एक मंच देना चाहते हैं।यह पहल 2007 में केवल 88 केंद्रों और 4000 दानदाताओं के साथ शुरू की गई थी जो केवल बैंक कर्मचारियों के बीच ही चलाई गई थी। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया और इसमें कॉलेज के छात्रों, कॉरपोरेट्स और सेना और सेवा कर्मियों को शामिल किया गया। इसे 2013 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सबसे बड़े सिंगल डे मल्टीपुल वेन्यू रक्तदान अभियान के रूप में मान्यता और प्रमाणन प्राप्त हुआ।2022 में बैंक ने 1.25 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया।

# बीडीओ विकासात्मक कार्यों को निर्धारित समयावधि में करें पूर्ण:राघव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**सभी बीडीओ** विकास खंडों में चल रहे विकास के विभिन्न कार्यों में तीव्रता लाकर उन्हें शीघ्र पूरा करें, ताकि लोगों को लाभान्वित किया जा सके। यह बात उपायुक्त राघव शर्मा ने समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ डीआरडीए हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने समस्त विकास खंड अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि आम लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

# दिव्यांग जनों के विकास में आश संस्था कर रही बेहतर कार्य: रीता सेठ

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**उपरोक्त वक्तव्य** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खल्यानी प्रधानाचार्य रीता सेठ ने आश बाल विकास केंद्र द्वारा आयोजित समावेशी कार्यशाला के दौरान कहे, उन्होंने कहा कि जिस तरह दिव्यांग जनों के विकास एवं सुगम्य वातावरण के लिए सॉंफि या फ ाउंडेशन कार्य रहा है वो बेहद सराहनीय है और हम भी दिव्यांगता के क्षेत्र में हर संभव कार्य करने के



लिए प्रयासरत रहेगा। बता दें कि आज आश बाल विकास केंद्र जो कि संफि या फ ाउंडेशन का एक उपक्रम है के सौजन्य से लगघाटी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खल्यानी में एक दिवसीय समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया।

# वी ने ट्रेवल में एक्सलुजिव प्रोपोजिशन्स के लिए ईजमायट्रिप के साथ की साझेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। भारत के जाने-माने** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूजर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए सबसे बड़े ऑनलाईन ट्रेवल टेक प्लेटफॉर्म्स में से एक ईजमायट्रिप के साथ साझेदारी की है।इस साझेदारी के तहत ईजमायट्रिप वी के उपभोक्ताओं के लिए वी ऐप पर फ्लाईट, होटल, ट्रेन, बस और कैब बुकिंग के लिए एक्सक्लुजिव डील्स लेकर आएगा।वी के यूजर्सको अधिक सुविधाजनक अनुभव और सर्वश्रेष्ठ ऑफर्स उपलब्ध कराना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है।इंटरोडक्टरी ऑफर्स के तहत सभी फ्लाईट बुकिंग्स पर जीरो कन्वीनिएन्स फीस ली जाएगी।इसके अलावा यूजर जल्द ही डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल होटल्स, होलीडे, बस, एक्टिविटीज एवं कैब बुकिंग्स पर ऑफर्स का लाभ भी उठा सकेंगे।साझेदारी के माध्यम ये यूजर वी ऐप पर यात्रा संबंधी सेवाओं जैसे एक्टिविटीज, अनुभवों एवं होलीडे पैकेजेज पर एक्सक्लुजिव फायदों का लाभ उठा सकेंगे।भविष्य में यूजर्स को अन्य वैल्यू-एडेड सर्विसेज का एक्सेस मिलेगा जैसे फ्लाईट एवं होटल बुकिंग में मिनिमम बुकिंग वैल्यू पर फ्री एयरपोर्ट पिकअप/ड्रॉप। अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, ह्यह्यवी में हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, फिर चाहे दूरसंचार सेवाएं हों या कोई अन्य कैटेगरी। समय के साथ अन्य सभी कैटेगरीज में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल यात्रा की मांग सबसे ज्यादा बढ़ रही है।ईजमायट्रिप इस केटेगरी में अग्रणी है।

# किस बात का जश्न मनाने जा रही प्रदेश की सुक्खू सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**हिमाचल पथ** परिवहन निगम कर्मचारी कल्याण संगठन की हंगामी बैठक वीरवार को ऊना जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष किशोरी लाल ने की। इस मौके पर एचआरटीसी के पेंशनर्स को पेश आ रही समस्याओं पर विचार मंथन किया गया और इसके साथ ही बुजुर्ग अवस्था में उनके जायज हक हासिल करने के लिए हो रही मशक्कत पर भी अफसोस जाहिर किया गया। इन परिस्थितियों के बीच प्रदेश सरकार द्वारा सरकार का 1 साल पूरा होने के उपलक्ष्य



में मनाई जा रहे जश्न पर भी बुजुर्गों ने सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हजारों कर्मचारी अपने जायज हक लेने के लिए सडकों पर उतरने को मजबूर हैं और सरकार इन परिस्थितियों में जश्न मनाने जा रही है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि पेंशनर्स को उनके सभी आर्थिक अधिकार एक मुश्त अदा किए जाएं, उन्हें किस्तों में किसी भी प्रकार का भुगतान मंजूर नहीं है। जिला अध्यक्ष किशोरी लाल ने कहा कि बुजुर्ग अवस्था में पहुंच चुके पेंशनर्स को अपने जायज हक लेने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ रहा है और सरकार जश्न मना रही है। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय से भी कर्मचारी और पेंशनर्स को उनके जायज वित्तीय लाभ देने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन सरकार उन आदेशों को भी पूरी तरह अनदेखा करके पेंशनर्स का शोषण करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा अपनी मुख्य मांगों के बारे में वार्ता के लिए मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन खेद है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्ता के लिए समय नहीं दिया। ऐसे में 21 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करते हुए सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर डीसी को लगाया झंडा

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। सशस्त्र सेना** झण्डा दिवस के अवसर पर उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण बोर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने उपायुक्त राघव शर्मा को सेना झंडा लगाया। इस अवसर पर डीसी राघव शर्मा ने कहा कि झण्डा दिवस का मुख्य उद्देश्य उन शूरवीरों के परिवारों की सहायता करना है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस जहां हमारे जवानों की पावन स्मृतियों को चिरस्मरणीय एवं अमर बनाता है वहीं उनके अद्भुत शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान के प्रति हमारा राज्य एवं राष्ट्र कृतज्ञ है।

## न्यूज फ्लैश

### ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिडकाव करने के लिए किसानों को किया जाए प्रेरित: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में कृषि विभाग व इफ्को के अधिकारियो की बैठक ली और कहा कि ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिडकाव पहले प्रगतिशील किसानों के खेतों में किया जाए ताकि दूसरे किसान भी यह तकनीक को अपनाने की प्रेरणा मिल सके।
उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस नई तकनीक के बारे में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जागरूक करें ताकि वे कम खर्चे में अधिक फसल उत्पादन ले सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला में ड्रोन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।
बैठक में कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि जिला करनाल में नैनो यूरिया को बढ़ावा देने के लिए व अंधाधुंध उर्वरकों के इस्तेमाल को रोकने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विस्तरित कार्य योजना तैयार की गई है। जिसके तहत ड्रोन के माध्यम से जिला में रबी सीजन के दौरान 7 हजार एकड़ में नैनो यूरिया का छिडकाव इच्छुक किसानों के खेतों में किया जाएगा। इसमें किसान से सौ रुपए प्रति बोतल/प्रति एकड़ लिया जाएगा। बाकि सारा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए सर्व प्रथम किसान को मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, दृश्य से विंग कमांडर जीएस पुनिया, इफ्को के सीनियर फील्ड मैनेजर डॉ. निरंजन सिंह, कृषि विभाग के जे.ई अनील कुमार, टी.ए सुरेन्द्र कुमार, किसान राम सरूप, राजेश, हिसम सिंह, सुखविंद्र मौजूद रहे।

### भारतीय सेना देश की रक्षा के साथ-साथ नागरिकों की प्राकृति आपदा के समय मदद करने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से देश का हर नागरिक परिचित है। हमारी सशस्त्र सेनाओं का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, जिन्होंने हमारे देश की सेवा करते हुए थल, जल, वायु सेनाओं में जो कुर्बानियां दी हैं, उनके उल्लेख की कोई आवश्यकता नहीं है।
लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में उपायुक्त ने पूरे देश में मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी एवं कर्नल राजीव कुंडू व उनके स्टाफ से एमएम यादव, अनील कुमार कथूरिया, ईश्वर चंद व कुलदीप सांगवान से झंडा लगवाया तथा उन्हें झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उक्त कर्मचारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को भी झण्डा लगाया। उपायुक्त ने कहा कि सशस्त्र सेनाएं शांति के समय में भी हमारे राष्ट्र की रक्षा करते हैं। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिकों की मदद में वे जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उससे भी हम परिचित हैं। अपने वीर जवानों के लिए हमारा यह कर्तव्य बनता है कि जब वे दूर नव, समुंदर या थल सीमाओं की रक्षा कर रहे हो तो हम उनके परिवारों की देखभाल करें और जिन वीरों ने मृतभूमि की रक्षा और अखंडता के लिए बलिदान दिए हैं उनको व उनके आश्रितों को सहायता उपलब्ध करवाएं।
उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की भांति सशस्त्र सेना झंडा दिवस को पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। हम सभी जानते हैं कि हरियाणा प्रदेश के वीर जवान हमारी सशस्त्र सेनाओं का गौरव है, इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम सब इस महान कार्य के लिए उदारतापूर्वक योगदान दें, ताकि इस राशि से भूतपूर्व सैनिकों और सशस्त्र सैनिकों के परिवारों को सहायता व राहत उपलब्ध करवाई जा सके, जिन्होंने अपनी मृतभूमि की रक्षा और अखंडता के लिए कुर्बानियां दी हैं।

### कुकर्म करने के बाद गला दबा कर की थी 17 वर्षीय किशोर की हत्या, आरोपित दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**गन्नौर:** गांधी नगर में 17 वर्षीय किशोर की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुए दोनों आरोपितों को गन्नौर थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया। पुलिस ने अदालत से आरोपित सुरेंद्र उर्फ छमका व जितेंद्र उर्फ लिली को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों ने किशोर के साथ कुकर्म किया था। जिसके बाद उन्होंने किशोर की गला दबा कर हत्या कर दी थी। अब पुलिस रिमांड अवधि के दौरान पुलिस मोहित के कपड़े व कड़ा बरामद करने का प्रयास करेगी। बता दें के गांधी नगर का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर 29 नवंबर को गुमड रोड स्थित गार्डन में शादी समारोह में गया था, जिसके बाद वह वापस नही लौटा।

# घरौंडा में यमुना बेल्ट के लिए नई आईटीआई को मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

## विधायक कल्याण के प्रयास से विधानसभा को मिली दूसरी आईटीआई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा** विधानसभा की यमुना बेल्ट के विकास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। विधायक हरविंदर कल्याण के लंबे समय से चल रहे प्रयासों को आखिरकार अब रंग लगा है, जब घरौंडा विधानसभा के यमुना क्षेत्र के गाँवों के लिए नई आईटीआई की उनकी पुरानी माँग को भी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है।
गौरतलब है कि वर्ष 2018 में घरौंडा के साथ लगते गाँव बसताडा की नेशनल हाईवे पर स्थित पंचायती जमीन पर नई आईटीआई का निर्माण हुआ था, जिससे घरौंडा क्षेत्र के युवाओं को काफी लाभ हुआ है। विधायक कल्याण ने बताया कि अब यमुना क्षेत्र के साथ लगते गाँवों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नई आईटीआई को भी मंजूरी दे दी है, जो कि कुंजपुरा ब्लॉक के गाँव नली खुर्द की पंचायती जमीन पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नई आईटीआई बनने के बाद यमुना क्षेत्र के युवाओं को भी बहुत लाभ होगा, जिसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल



का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि घरौंडा विधानसभा अन्य सरकारों के समय में लगातार उपेक्षा का शिकार रहा है तथा जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तभी से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पूरे क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास हुआ है। विधायक कल्याण ने कहा कि घरौंडा विधानसभा का यमुना नदी के साथ लगता पूरा क्षेत्र जो कि बहुत पिछड़ा हुआ था, उसके विकास पर भाजपा सरकार आने के बाद से विशेष फोकस रखा गया है तथा पिछले वर्षों में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से यमुना क्षेत्र के गाँवों का शिक्षा, स्वास्थ्य व नई सडकों सहित काफी विकास हुआ है। यमुना क्षेत्र के बहुत से स्कूलों को बारहवीं कक्षा तक अपग्रेड किया गया है तथा पिछले वर्षों में बनाई गई पाँच नई पीएचसी में से चौरा, बरसत व मिरगैन गाँवों में बनीं पीएचसी का लाभ सीधे तौर पर यमुना क्षेत्र के लोगों को ही होगा। विधायक ने कहा कि वह पूरे विधानसभा क्षेत्र के समान विकास तथा क्षेत्र के लोगों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध हैं तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से जहां घरौंडा विधानसभा का पिछले नौ वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है
वहीं आने वाले समय में भी विकास की गति को बरकरार रखा जाएगा।

## एसडीएम ने दलों के प्रधान व सचिव के साथ की बैठक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एसडीएम** अनुभव मेहता द्वारा 21-करनाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सभी राजनैतिक दलों के प्रधान/सचिव के साथ एक मीटिंग का आयोजन अपने कार्यालय में किया गया। मीटिंग के दौरान एसडीएम अनुभव मेहता ने सभी राजनैतिक दलों के
प्रधान/सचिव को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, चण्डीगढ के निदेर्शानुसार 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 9 दिसंबर 2023 तक चलाया जाएगा तथा उपायुक्त करनाल के आदेशानुसार 21-करनाल विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों की अधिक से अधिक संख्या में वोट बनाने का कार्य सभी बीएलओज द्वारा 9 दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर 12 दिसम्बर को निकाली जाएगी वॉकथॉन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी डॉ.** वैशाली शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर वॉकथॉन का आयोजन 12 दिसम्बर को मॉडल संस्कृति कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल से किया जाएगा। यह वॉकथॉन उक्त स्कूल से शुरू होकर निरंकारी भवन के नजदीक पर स्थापित रामगढिया चौक से होते हुए हांसी चौक, सदर बाजार से गुजरते हुए वापिस स्कूल में समापन होगा। इस वॉकथॉन में 1 हजार बालिकाएं हिस्सा लेंगी, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संबंध में आमजन को जागरूक करेंगी।
एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के बाद लिंगानुपात में काफी सुधार आया है। लोगों को और जागरूक करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत करनाल में इस वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूल की एक हजार छात्राएं हिस्सा लेंगी और पैदल मार्च करते हुए जागरूकता अभियान चलाएंगी। विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित
एडीसी ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत उक्त स्कूल में ही इसी दिन विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत महिला सशक्तिकरण से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिन महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है, उनकी डाक्यूमेंट्री चलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त समाज से जुड़ी कुछ प्रसिद्ध हस्तियों को कार्यक्रम में अपने विचार सांझा करने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा।

## दिनेश बख्शी ने प्लेटलेटस दान कर पेश की मानवता की मिशाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**लक्ष्य** जनहित सोसाइटी के फाउंडर ने एक बार फिर प्लेटलेट्स दान कर मानवता की मिशाल पेश की। आज एक फोन आने पे दिनेश बक्शी ने तुरंत जाकर प्लेटलेट्स दान किए।
दिनेश बक्शी ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति महीने में 2 बार प्लेटलेट्स दान कर सकता है। प्लेटलेट्स दान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती और ये जल्द ही शरीर में दोबारा बन जाते हैं।
दिनेश बक्शी अब तक 131 बार ब्लड डोनेट व 73 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं। इन्हें जब भी कोई सेवा की कॉल आती है तो ये तुरंत वहां पहुंच कर सेवा पूरी करते हैं।

## करनाल: सीजेएम जसबीर कौर ने किया नारी निकेतन का दौरा


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आज नारी निकेतन में रहने वाले महिला /कैदियों को दी जा रही सुविधाओं की जांच के लिए उन्होंने नारी निकेतन करनाल का दौरा किया। उन्होंने महिलाओं के साथ भी बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया।
उन्होंने अधीक्षक को कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि महिलाओं को कानूनी सेवा प्राधिकरण



अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। ऑफिसर को विशेष रूप से उन महिलाओं को विभिन्न कानूनी सहायता योजनाओं और ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया।
सीजेएम ने बताया कि महिला न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और महिलाओं के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि नारी निकेतन और निरीक्षण गृह के आसपास साफ-सफाई रखें।

## सड़कों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान शुरू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फूसगढ़ स्थित** गौशाला से दुधारू व गर्भावस्था की गायों को खुली बोली के माध्यम से बेचने के बाद गौशाला में मौजूद शैड में गायों को रखने के लिए कुछ जगह बन गई है, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सडकों पर भटकती गायों को पकड? का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत करीब 20 गाय व नंदी पकड़े गए हैं। गुरूवार को यह जानकारी उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी।
उन्होंने बताया कि शहर की सडकों पर भटकते आवारा पशुओं को पकड? का अभियान नगर निगम द्वारा समय-समय पर



चलाया जाता है, परंतु गौशाला में गायों की संख्या अधिक हो जाने के कारण इसे कुछ समय के लिए रोका गया था। सडकों पर आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए गौशाला में मौजूद दुधारू व गर्भावस्था की गायों को बोली के माध्यम से बेचने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत करीब 80 गायों की ब्रिकी की गई है। इसके चलते गौशाला के शैड में गायों को रखने के लिए कुछ जगह बन पाई है। इसलिए गायों को पकड? का अभियान पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के मॉडल टाऊन, राम नगर, प्रेम नगर, सैक्टर-4, 7 व 12 से सडकों व गलियों में भटकती गाय व नंदियों को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में रखा गया है। गौशाला में गायों को समय पर चारा इत्यादि दिया जाता है। सुबह व सांय, दोनो समय गायों को घूमने-फिरने के लिए गौशाला परिसर में ही मौजूद खाली जगह पर खुले में छोड़ा जाता है। गायों की अच्छे से स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है, इसके लिए पशुपालन विभाग से सेवानिवृत्त डॉक्टर की गौशाला में केयर टेकर के रूप में नियुक्ति की हुई है।
उप निगमायुक्त ने डेयरी संचालकों व नागरिकों से अपील करते कहा है कि वह उपयोग के बाद अपने पशुओं को सडकों पर आवारा भटकने के लिए न छोड़ें, इससे शहर की सफाई व यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं को पकड? का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## सफलता से पहले जिम्मेदारी के अहसास का होना ज्यादा महत्वपूर्ण: प्रीतपाल सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सैंट थेरेसा** कॉन्वेंट स्कूल में आज 500 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने अपने सपनों के भारत की सोच को रंगों से सजाया और देश के उज्जवल भविष्य की अपनी कल्पना को पोस्टर के रूप में प्रदर्शित किया। मेरे सपनों का भारत विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में छठी से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले स्थान पर संयुक्त रूप से असीस कौर व अंजू को सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर ओजस्वी व पवनी ग्रोवर रहे। उल्लेखनीय है कि करनाल की अग्रणी सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) द्वारा आजकल करनाल के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विगत 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर शुरू किए गए इस अभियान को देश की बात नाम दिया गया है। सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेस, कानन इंटरनेशनल व प्रथम के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य देश की भावी पीढ़ी यानि विद्यार्थियों को सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने के गुर सिखाना है, ताकि वे बड़े होकर अपने बेहतर भविष्य व एक अच्छे समाज व राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बन सकें। अभियान के तहत आज सैंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल में मोटिवेशनल चर्चा रखी गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने अपना संबोधन दिया। उन्होंने सफलता के 10 सूत्रों की विस्तार से जानकारी दी और साथ ही मोटिवेशनल कहानियाँ सुनाकर बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारण और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने का तरीका बताया।

## बैंक में लाखों रुपये का गबन करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर:** बंधन बैंक में लाखों रुपये का गबन करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बैंक प्रबंधक अशोक कुमार, खजानची देवेंद्र कुमार व सलीम जिला शामली, यूपी के रहने वाले हैं। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि बंधन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अजय सिंह ने शिकायत दी थी कि ब्रांच प्रबंधक अशोक कुमार व खजांची देवेंद्र कुमार ने बैंक में लोन लेने आए उपभोक्ताओं से करीब 35 लाख 35 हजार रुपये हड़प लिये। उनका सहयोगी सलीम फिल्ड में रह कर बैंक से लोन लेने वाले उपभोक्ताओं से किस्त लेने का काम करता था। वह लोगों से किस्त लेकर बैंक में जमा नही करता था। प्रबंधक अशोक कुमार व देवेंद्र कुमार भी उपभोक्ताओं की किस्त न जमा करके पैसे हड़प रहे थे।

## अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए विभाग ने किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**खाद्य** सुरक्षा मिशन के तहत किसान विभाग निरंतर किसानों को मोटे अनाज के प्रति जागरुक कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कृषि विभाग घरौंडा द्वारा मोटे अनाज की महत्त्वता के प्रति कैमला तथा फरदीपुर गांव के किसानों को विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से जागरुक किया गया।
इस अवसर पर कृषि विभाग की और से डॉ.जश्नप्रीत ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई और उपस्थित किसानो को मोटे अनाज की खूबियां



बताई गई। उन्होंने कहा कि हम सभी को कम से कम हफ्ते में एक बार अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने का प्रण अवश्य करना चाहिए।
डॉ. जश्नप्रीत ने मोटे अनाज से स्वास्थ्य को होने वाले लाभ पर भी चर्चा की। साथ ही मोटे अनाज से तैयार किए जाने वाले विभिन्न पकवानों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वर्ष 2023-24 को इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया गया है। पहले समय में लोग मोटे अनाज जिसमें ज्वार, बाजरा, रागी, आदि उगाते थे तथा उसका सेवन करते थे। लेकिन, बदलते समय के साथ-साथ लोग इससे दूर होते रहे। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर से लोगों को मोटे अनाज उगाने और उसके सेवन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान छेड़ा है। उन्होंने कहा कि गेहूं, चावल के मुकाबले मोटा अनाज उगाना और खाना ज्यादा सुविधाजनक है। मोटे अनाज में पोषण भी अधिक होता है, जिससे शरीर मजबूत होता है और बीमारियों से लड? की शक्ति मिलती है।

## जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज 8वें दिन गांव खेड़ी मुनक और बाल राजपुतान पंहुची। दोनों जगह यात्रा का पंचायत द्वारा स्वागत किया गया। खेड़ी मुनक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क और बाल राजपुतान में जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने लोगों से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये इनका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बी.पी.एल. कार्ड आदि नहीं बने है, वे संबंधित विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर उन्हें



पंजीकरण किए जा सकते हैं।
खेड़ी मुनक में बख्शीश सिंह विर्क और बाल राजपुतान में जिला भाजपा अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने स्टाल्स का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे ग्रामीणों से बात की। उन्होंने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। पूर्व विधायक विर्क ने बताया यात्रा 25 जनवरी 2024 तक प्रदेश के प्रत्येक गांव व शहर से गुजरेगी। यात्रा के दौरान गरीब वर्गो के लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पंहुचाई जा रही है। लाभार्थियों से मिल रहे फीडबैक के आधार पर किसी योजना के क्रियान्वयन में कोई कमी पाई गई तो उसे दूर किया जाएगा।
बाल राजपुतान में योगेंद्र राणा ने बताया कि कल से यात्रा में चार और वेन शामिल हो जायेंगी। सभी छह वेन जिला के पांचों हलकों के गांवों में जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर व्यवस्था परिर्वतन किया है। बी.पी.एल. परिवारों के लिए आय सीमा 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख सालाना की गई है। उन्होंने आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री अत्योदय परिवार उत्थान योजना आदि की जानकारी दी। बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9 लाख 50 हजार रसोई गैस कनेक्शन दिए गए है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों के समय नौकरियां सिफारिश के आधार पर दी जाती थीं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पर्ची-खर्ची व्यवस्था और भाई भतीजावाद को खत्म किया है।

## केंद्र व राज्य सरकार देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्धः रामकुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री के** विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को आमजन के सहयोग व संकल्प से ही प्राप्त किया जा सकता है। विधायक रामकुमार कश्यप वीरवार को इंद्री खंड के गांव रंबा और समौरा में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के आगमन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान गांव रम्बा में विधायक रामकुमार कश्यप तथा गांव समोरा में मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह विर्क ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ भी दिलाई। विधायक ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिए जरूरी है कि देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़े, औधोगिक प्रगति को रफ्तार मिले, किसान कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें, महिलाओं की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित हो, बेरोजगारी दर न्यूनतम हो और यातायात के नए मार्ग विकसित करने के साथ साथ उन सभी पहलुओं पर काम हो जो एक विकसित देश के लिए जरूरी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन सभी बिन्दुओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। इसलिए यह वर्तमान सरकार का सपना नहीं संकल्प हैं, जो वर्ष 2047 तक अवश्य पूरा होगा। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन भी इस संकल्प को पूरा करने मे अपना सहयोग सुनिश्चित करें।

# संपादकीय

## फिर सवालों के घेरे में ईवीएम

**भारत** के चुनावी इतिहास की बात करें तो ईवीएम मशीनों के प्रयोग से पहले देशभर में अलग-अलग स्तरों पर होने वाले चुनाव मतदान केंद्रों पर हमले, मतपेटियों में मत भरने जैसी घटनाओं से प्रभावित रहे हैं, और ये हमले राजनीतिक पार्टियों के लिए काम करने वाले असामाजिक तत्व किया करते थे। लेकिन नई सदी के आगमन के साथ ही चुनावों में ईवीएम मशीनों का प्रयोग शुरू होने के बाद ऐसी घटनाएं बीते दिनों की बातें हो गई हैं। हालांकि, समय-समय पर इन मशीनों की प्रामाणिकता पर सवाल उठते रहे हैं। अक्सर, चुनाव हारने वाली पार्टियां सवाल उठाती हैं कि इन मशीनों को हैक किया जा सकता है। साल 2024 के आम चुनावों में अब सिर्फ. कुछ महीने बचे हैं और इन मशीनों पर एक बार फिर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल हिन्दी बेल्ट के तीन अहम प्रदेशों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी हार का ठिकरा फोड़ो खेल शुरू हो गया। कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह की मानें तो ईवीएम की वजह से कांग्रेस हार गई। अब बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस जब हार जाती है, तब ईवीएम का रोना रोती है। आरोप लगा रही कांग्रेस का चुनाव से पहले नारा था कि मोदी को हराएंगे, बीजेपी को भगाएंगे, लेकिन जनता ने कांग्रेस को चुनावी रेस में हरा दिया। मानो अब नारा बदलकर हार नहीं मानेंगे, ईवीएम को कोसेगें हो गया है। अपने गढ़े हुए तर्कों के साथ एक बार फिर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के तमाम नेताओं ने ईवीएम से पुरानी अदावत की पुरानी किताब खोल दी है। किताब के हर पन्ने में यही लिखा है कि बेईमानी हो गई। सरल शब्दों में समझें तो तीन राज्यों की पब्लिक ने कांग्रेस के हाथ खाली छोड़ दिए। ऐसे में फेस सेविंग के लिए पुराने आरोपों को नई बोतल में डालकर प्रस्तुत कर दिया। अजब और गजब ये है जहां जीतें वहां ईवीएम की हैकिंग नहीं हुई, जहां हारे वहां ईवीएम हैक करके कांग्रेस से जीत चुरा ली गई। नतीजों से पहले कांग्रेस में अति आत्मविश्वास इतना था कि मिठाइयां कांग्रेस दफ्तरों में पहुंच चुकी थीं, ढोल नगाड़े वाले पहुंच चुके थे। यहां तक की दफ्तर-दफ्तर जीत की बधाई देने वाले पोस्टर और बैनर सज चुक थे, लेकिन कांग्रेस के अरमानों पर पानी फिर गया। मिठाई तो मिठाई, कांग्रेस के एक नेता ने ऐलान कर रखा दिया था, बीजेपी 50 सीटें जीते तो मुंह काला कर लेंगे। ईवीएम को लेकर मोदी सरकार पर विपक्ष के आरोप नए नहीं हैं। 2014 से बाद से जब-जब मोदी की अगुवाई में बीजेपी ने चुनाव जीता, तब-तब विपक्ष ने ईवीएम पर सवाल उठाए हैं। ऐसे में ईवीएम को लेकर टीम बीजेपी और टीम कांग्रेस के बीच बीते साढ़े नौ साल से महाभारत जारी है। वैसे 2014 के बाद विपक्ष की टूलकिट को देखें, तो चुनाव दर चुनाव, जब-जब हारे तब-तब ईवीएम पर ठीकरा फोड़ा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ममता बनर्जी, राहुल गांधी के साथ अरविंद केजरीवाल ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे। बीती 3 दिसंबर को चार राज्यों के परिणाम आने के बाद कांग्रेस नेता डॉ उदित राज ने कहा कि जरूर ईवीएम में कुछ हुआ है वर्ना ऐसे नतीजे की उम्मीद नही थी। फिर इसी तरह समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का बयान आया। अखिलेश कह रहे हैं कि अगर अमेरिका और जापान में बैलट पेपर की व्यवस्था है, तो हमें भी वही अपनाना चाहिए।

# धरती के स्वर्ग की व्यवस्थाओं को संवारने निखारने की श्रृंखला मेंदो और अध्याय जुड़े



गोंदिया

“इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित करने का प्रावधान है। यह विधेयक नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण के लिए पात्र लोगों के एक वर्ग के नामकरण को बदलने का प्रयास करता है। दो दिनों तक चली छह घंटे से अधिक की बहस और केंद्रीय गृह मंत्री के जोशीले जवाब के बाद विधेयक पारित कर दिए गए।गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय देंगे। कहा कि विस्थापित लोगों को आरक्षण देने से उन्हें विधायिका में आवाज मिलेगी।गृह मंत्री के मुताबिक, विधानसभा में नौ सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित की गई हैं”

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि दुनियां की धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर राज्य जहां 1987 के एक विवादित चुनाव के साथ कश्मीर में बड़े पैमाने पर सशस्त्र उग्रवाद की शुरूआत हुई, जिसमें राज्य विधानसभा के कुछ तत्वों ने एक आतंकवादी खेमे का गठन किया, जिसने इस क्षेत्र में सशस्त्र विद्रोह में एक उत्प्रेरक के रूप में भूमिका निभाई। और फिर उसके दशकों बाद जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। तब केन्द्रीय गृह मंत्री ने इसे ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम कहा था। चाइल्ड मैरिज एक्ट, शिक्षा का अधिकार और भूमि सुधार जैसे कानून अब यहां भी प्रभावी है। इसी तरह यहां सभी व्यवस्थाओं को सुद्धारित संशोधन करते हुए विकास व सफलताओं के अनेक अध्याय जुड़ते चले गएऔर आज दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद के मानसूनसत्र में जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन संशोधन संबंधित दोनों विधेयकों के पारित होने से परिवर्तन की कड़ी में एक और मोती जुड़ गया है जो मिल का पत्थर साबित होगा इसलिए आज हमपीआईबी व मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेलोकसभा में परित जम्मू कश्मीर के दोनों विधेयक मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम दिनांक 6 दिसंबर 2023 को संसद में पारित जम्मू कश्मीर संबंधी दोनों विधेयकों की करें तो, लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर आरक्षण-संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन-संशोधन विधेयक 2023 पारित कर दिये हैं।जम्मू-कश्मीरआरक्षण-संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक-2004 में संशोधन के बारे में है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछडे लोगों को पेशेवर संस्थानों में नौकरियों तथा प्रवेश में आरक्षण का प्रावधान है। उधर जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक-2023, जम्मू-कश्मीर पुर्नगठन विधेयक-2019 में संशोधन के बारे में है। इस विधेयक में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 83 सीटों को निर्दिष्ट करने वाले 1950 के अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन किया गया था।प्रस्तावित विधेयक में सीटों की कुल संख्या बढाकर 90 करने का प्रावधान है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए 7 और अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटों का प्रस्ताव किया गया है। विधेयक में यह भी कहा गया है कि उपराज्यपाल विधानसभा में कश्मीरी विस्थापितों में से दो सदस्यों को नामांकित कर सकते हैं। इनमें एक सदस्य महिला होनी चाहिए। विस्थापितों को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है जो पहली नवम्बर 1989 के बाद कश्मीर घाटी या जम्मू-कश्मीर के किसी अन्य भाग से विस्थापित हुए हों और राहत आयुक्त के साथ पंजीकृत हों। इसमें कश्मीरी पंडित समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित करने का प्रावधान है। यह विधेयक नियुक्ति और प्रवेश में आरक्षण के लिए पात्र लोगों के एक वर्ग के नामकरण को बदलने का प्रयास करता है। दो दिनों तक चली छह घंटे से अधिक की बहस और केंद्रीय गृह मंत्री के जोशीले जवाब के बाद विधेयक पारित कर दिए गए।गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए जम्मू कश्मीर से संबंधित दो विधेयक पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय देंगे। कहा कि विस्थापित लोगों को आरक्षण देने से उन्हें विधायिका में आवाज मिलेगी।गृह मंत्री के मुताबिक, विधानसभा में नौ सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित की गई हैं। पीओके लिए 24 सीटें आरक्षित की गई हैं, क्योंकि पीओके हमारा है। उन्होंने कहा कि इन दोनों संशोधन को हर वो कश्मीरी याद रखेगा जो पीड़ित और पिछड़ा है। विस्थापितों को आरक्षण देने से उनकी आवाज जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में गूंजेगी। शाह ने कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवालों पर कहा कि कश्मीरी विस्थापितों के लिए 880 फ्लैट बन गए हैं और उनको सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

साथियों बात अगर हम इन विधेयकों की अन्य विशेषताओं की करें तो, उसमें कश्मीरी प्रवासी समुदाय से विधानसभा में अधिकतम दो सदस्यों को नामित करने की उपराज्यपाल की शक्ति शामिल है, जिसमें एक नामांकित महिला होगी। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के विस्थापितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को नामांकित किया जा सकता है। कश्मीरी प्रवासियों को उन व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो 1 नवंबर, 1989 के बाद कश्मीर घाटी या जम्मू-कश्मीर राज्य के किसी अन्य हिस्से से चले गए और राहत आयुक्त के साथ पंजीकृत हैं। संसद के निचले सदन में बहस के दूसरे दिन के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री ने कथित तौर पर कहा कि नया कश्मीर- जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 के माध्यम से शुरू हुआ। पिछले 70 वर्षों से अपने अधिकारों से वंचित लोगों को न्याय सुनिश्चित करेगा। चर्चा के दौरान विपक्ष के कई सदस्यों ने विधेयक पारित करने का विरोध किया, जब जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की वैधता और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार है। विपक्ष ने यह भी सवाल किया कि क्षेत्र की विशेष स्थिति रद्द करने के बाद चार साल तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव क्यों नहीं हुए।

साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री के सदन में जवाब की करें तो, लोक सभा में उन्होंने कहा कि कुल 29 वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए लेकिन बिल के उद्देश्यों के साथ सभी ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि पीएम के नेतृत्व में लाए गए सैकड़ों प्रगतिशील परिवर्तनों की कड़ी में ये विधेयक एक और मोती जोड़ने का काम करेंगे। आगे कहा कि 70 सालों से जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ, जो अपमानित हुए और जिनकी अनदेखी हुई, ये विधेयक उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले हैं। जो लोग इन्हें वोट बैंक के रूप में उपयोग कर, अच्छे भाषण देकर राजनीति में वोट हासिल करने का जरिया समझते हैं वे इसके नाम के बारे में नहीं समझ सकते। पिछड़ों औ गरीबों का दर्द जानते हैं। जब ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने की बात होती है, तब मदद से ज्यादा सम्मान के मायने होते हैं।कश्मीरी विस्थापितों को आरक्षण देने से कश्मीर की विधानसभा में उनकी आवाज गूंजेगी और अगर फिर विस्थापन की स्थिति आएगी तो वो उसे रोकेंगे।पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू जी की गलती का खामियाजा वर्षों तक कश्मीर और देश को उठाना पड़ा।पहली गलती थी, जब हमारी सेना जीत रही थी, तब पंजाब तक आते ही सीजफायर कर दिया गया और पाक-अधिकृत कश्मीर का जन्म हुआ, अगर सीजफायर 3 दिन देर से होता तो पाक-अधिकृत कश्मीर आज भारत का हिस्सा होता।नेहरु जी की दूसरी बड़ी गलती थी जब वे कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में ले गए।जम्मू और कश्मीर में 45 हजार लोगों की मृत्यु की ज़िम्मेदार धारा 370 थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने उखाड़ कर फेंक दिया।धारा 370 के हटने सेअलगाववाद समाप्त हुआ है और आतंकवाद में बहुत कमी आई है।कश्मीर के विस्थापितों को अपने ही देश के अन्य हिस्सों में शरणार्थी बनकर रहना पड़ा, लगभग 46,631 परिवारों के 1,57,967 लोग विस्थापित हुए1947 में 31,779 परिवार पाक-अधिकृत कश्मीर से जम्मू और कश्मीर में विस्थापित हुए, 1965 और 1971 में हुए युद्धों के बाद 10,065 परिवार विस्थापित हुए। अगर किसी व्यक्ति ने कश्मीर से पलायन करने वाले लोगों के आंसू पोंछे तो वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं।



# कविता

आज मेरे दिल का क्या हाल है।

देखो आज मेरे दिल क्या हाल है,

न सुर है,न ताल का ख्याल है।

आंखों से क्या ओझल हुए तुम,

हाल जिन्दगी का बेहाल है।

सोते जागते दिखती हो तुम,

इश्क भी बड़ा जी का जंजाल है।

हर कसौटी पर क्यों परखती हो,

दिल को इसका बड़ा मलाल है।

कैलेंडर बन गई है अब तारीखें,

रूबरू होना बेसब्री का सवाल है ।

महफि ल में तेरी तारीफ की मैंने,

हसीन चेहरा बन जाता गुलाल है।

गुम हो चुका हूँ मै तुझमें, संजीव,

लम्हों लम्हों पर रंगे-गुलाल है

संजीव ठाकुर रायपुर

## भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा

**भ्रष्टाचार** समाज का वो नासूर है जो समृद्ध समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा बनता है। लालच या मजबूरी के कारण लोग भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाय उसे लगातार बढ़ावा देते हैं, जिससे अक्सर न्याय और मानवता की हार होती है। जिन्हें फायदा होता है वे अपने पद, शक्ति और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर सरकार और जनता को लूटते हैं। हमें अक्सर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, अनेक लोग कड़ी मेहनत करते हैं और वे संघर्ष करते ही रह जाते हैं और सफलता कोई अन्य ले लेता है। बहुत बार हर क्षेत्र, हर विभाग से जुड़ा कर्मचारी जानता है कि उसके यहां पर कहां भ्रष्टाचार पनपता है या गलत काम को बढ़ावा मिलता है, लेकिन कोई खुलकर विरोध नहीं करता, सब आँखे मूंदकर देखते रहते हैं क्योंकि वें मानते है कि उससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं हैं या फिर वह क्यों समस्या से उलझें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई सख्त कानून हैं, सरकारी तंत्र काम कर रहे हैं, कई संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता भी भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे हैं, फिर भी भ्रष्टाचार तेजी से फैल रहा है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोगों के जीवन की जद्दोजहद अति संघर्ष का सामना करने को मजबूर हो जाती है। भ्रष्टाचार भरोसा खत्म कर लोकतंत्र को कमजोर करता है, आर्थिक विकास को बाधित करके असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरण संकट को अधिक बढ़ाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 40 अंक प्राप्त कर 180 देशों में से 85वां सबसे कम भ्रष्ट देश बना है। 89% प्रतिशत लोग मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। पिछले 12 महीनों में 39% सार्वजनिक सेवा उपयोगकताओं ने रिश्वत दी। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार अक्सर मजबूत होता है। अफसोस की बात है कि भारत उनमें से एक है जिसकी प्रति व्यक्ति आय कम है। विश्व बैंक ने 2004 में कहा था कि रिश्वतखोरी के कारण दुनिया भर में हर साल 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता था। विश्व स्तर पर, वर्तमान में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि भ्रष्टाचार की लागत प्रति वर्ष लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थात 2,16,37,200 करोड़ रुपये है। राजनेता, सरकारी अधिकारी, लोक सेवक, व्यवसायी या जनता के सदस्य कोई भी भ्रष्टाचार में शामिल हो सकता है। व्यापार, सरकार, अदालत, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे और खेल तक सभी क्षेत्रों में कहीं भी भ्रष्टाचार हो सकता है। राजनेता सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर अपने परिजनों, मित्रों और परिवारों को सार्वजनिक नौकरियां या अनुबंध दे सकते हैं, मन मुताबिक काम पाने के लिए पाने के लिए निगम अधिकारियों को रिश्वत दे सकते है। भारत भ्रष्टाचार सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, 51% उत्तरदाताओं ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की।

# विचार

## जादू -टोना चौराहों पर बोना, बौना कुंठित होना

**मैं** गुजर रहा था कि तभी डरे,बदहवास मुंगेरीलाल मिल गए। "किधर से डरे आ रहे हैं?" मैंने प्रश्न दागा। उ... ऊ.. चौराहा से। इतना घबराहट क्यों है भाई। क्या बताएं? अचानक उगाए जादू -टोना खरपतवार से अभी -अभी बचा हूँ। वो बेहद विकृत मानसिकता के लोग हैं। हर तिराहा या चौराहा पर अक्सर काला जादू किए रहते हैं। गुजरो तो जान हलक के बाहर आ जाती है। अनजाने डर से मन ससंकित हो उठता है। मैं उधर से ही गुजर रहा था। इस मामले में तो भाग्यशाली था कि मुझसे दो इंच दूर था। कम से उसे मेरे जैसा शिकार मिल रहा था। लेकिन बाल -बाल बचा। भई! उसका विकृत प्रतिबिम्ब को साफ देखा जा सकता है। भूतिया सोच में वह अपनी कथित ह्यकारनामें ह्ण को कई बार कर रहा होगा। दूसरे पर भूतिया साया डालकर अपना दुःख इतिश्री करना चाहता है।इससे पहले भी कई बार पैनी निगाह से खुद बचा हूँ। उन लोगों के द्वारा किये गए कृत्य के लिए धिक्कार चुका हूँ। चूंकि गाँव हो या शहर किसी भी व्यक्ति का एक्सरे नहीं हुआ करता है इसलिए वह इंसानी खोल में शैतानी कामों को अंजाम देता है। रात की कालिमा में काली करतूत करता है। अपने हृदय की कालिमा को छिपाता और काली शक्तियों का आह्वान करता। हर कोई मेरी तरह भाग्यशाली नहीं है। उसने जब अपने दुःख देखा तो दूसरे के सुख पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया।

मैंने उनकी बातों को सुनकर गहराई से सोचा। ऊपर वाले ने उसको धरती पर जगह देकर ठीक नहीं किया। आजकल ऐसे गंदे लोग अभिशाप है। वह भी अपने भूतिया कारनामें पर इतरा लेता होगा। समाज में अच्छे कामों को नजर लगाते लोग भी हैं, जो अक्सर नजर आते हैं। लेकिन जादू-टोना वालों के कारनामें दिखते हैं, वे स्वयं गुप्त रहते हैं। इनके धाम को जानना बड़ा कठिन है। इससे समाज व्यथित है। बलि चढ़ाने की कभी -कभी खबरों में भी खबर उड़ती है। यह उड़ती- उड़ती खबर सुनकर कलेजा काँप उठता है। इंसानों के पास कोई ऐसी दवा नहीं है, जो इन बीमार लोगों का इलाज कर सके।इसीलिए बाबा बंगाली की दुकान चलती है। अंधविश्वास के अंधड़ में मासूमियत उड़ा कर हैवानियत दिखाई देता है। आज भी इक्कीसवीं सदी में भी ह्यचेन -केन- प्रकारेणह्ण भूतिया रास्ता मिल जाता है। वे अपने शैतानों का आह्वान कर दूसरे को दुःखी बनाकर विकृत सुख प्राप्त कर अतृप्त ही रहता है। चूड़ी-कंगन, सिंदूर, टॉफी, फल रास्तों में बिछा रहता है। चूंकि वह मानसिक रोगी है। चुड़ैल से इंसान नही बन सकता। लेकिन इंसान से चुड़ैल बना जा सकता है। इसलिए जमाना खराब है। काला -जादू रियल से अति दूर होते हैं। अंधविश्वास में व्यक्ति काली शक्तियों में विश्वास करता है। शक्तियों के अस्तित्व में विश्वास रखता है, जो कि प्रकृति के नियमों की पुष्टि नहीं करता है और न ही ब्रह्मांड की वैज्ञानिक समझ रखता है। यह डर समाज में व्यापक रूप से फैला हुआ है। जादू-टोना के प्रभाव में तर्कहीन विश्वास होता है। बीमारियों के बारे में लोगों में यह अंधविश्वास हो जाता है कि किसी ने कुछ किया है। शुभ व अशुभ का चक्कर बड़ा पापड़ बेलवाता है।

मानवीय तंत्रिका नष्ट तो तांत्रिक क्रिया-क्लापों में भ्रष्ट है।दूसरे का सुख देखा नहीं जाता तो अपना कष्ट बाटे कैसे। मुंगेरीलाल के हसीन सपने फुर्र। क्योंकि बुरी काली शक्तियों का भय सताए तो दिल घबड़ाए। ऐसी जगह डर सबको लगता है.. गला सबका सूखता है। भई! बचपन से ही काला गंडा ताबीज लोग पहन रहे हैं। ये लातों के भूत बातों से कहाँ मानते हैं? समाज से बहिष्कार भी नहीं हो पता क्योंकि पहचान ही नहीं है। विकृत सोच की मोच के दर्द से समाज लड़खड़ाता है। धरती स्वर्ग बनते -बनते रह जाती है। दिन -प्रतिदिन बुराई का ग्राफ बढ़ रहा है। अच्छाई की सीमा सिकुड़ रही है। मुझे चिंता है कि कहीं वेंटीलेटर पर न आश्रित रह जाए। मानवीय गुण विलुप्त, संकटग्रस्त प्रजाति न बन जाए। दानवी अवगुण फाइवजी स्पीड -सी लोगों के खुराफाती दिमाग में बैठ रही है। इसी कारण ताबीज और गंडा अब धंधा बन गए हैं। सब बस अभिमंत्रित के नाम पर बिक रहे हैं। शोर -शराबा का.. करें बाबा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## विदेश में पढ़ाई के दौरान रोजगार क्षमता में सुधार कैसे करें भारत के

**विजय गर्ग**

**आज** की तेजी से बढ़ती वैश्वीकृत दुनिया में, कंपनियां विविधता, समानता और समावेशन पर ध्यान केंद्रित करती हैं। मैकिन्से की रिपोर्ट के अनुसार, अधिक विविध कंपनियां लाभप्रदता में अपने कम विविध प्रतिस्पर्धियों से आगे निकलने की संभावना रखती हैं। यह उन स्नातकों की बढ़ती मांग को उजागर करता है जो एक गतिशील कॉर्पोरेट पारिस्थितिकी तंत्र में सहजता से अनुकूलन और विकास कर सकते हैं। विदेश में पढ़ाई करना 21वीं सदी के कई नौकरी कौशलों को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। अंतर्वैयक्तिक और पारस्परिक कौशल को बढ़ावा देने से लेकर आलोचनात्मक सोच और अनुकूलनशीलता विकसित करने तक, छात्र वैश्विक करियर बनाने के लिए सुसज्जित महसूस करते हैं। इस अवलोकन को इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) के रोजगार में बढ़त हासिल करना: 21वीं सदी के कौशल और कैरियर की संभावनाओं पर विदेश में अध्ययन का प्रभाव नामक अध्ययन द्वारा भी समर्थन प्राप्त है। एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के रूप में, अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान अपनी रोजगार क्षमता में सुधार लाने की दिशा में काम करना महत्वपूर्ण है। क्यूएस ग्लोबल इंटरनेशनल स्टूडेंट सर्वे 2022 के अनुसार, भारतीय छात्रों (62%) को स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद विदेश में नौकरी पाने की चिंता रहती है। इस चुनौती से निपटने के लिए, करियर को बेहतर बनाने वाली कुछ सर्वोत्तम रणनीतियों को सीखना महत्वपूर्ण है। विदेश में अध्ययन करते समय रोजगार क्षमता बढ़ाएँ कैसे भारतीय बैंकों ने वढक नामक अवसर और उसका नियंत्रण ढँङ्गल्लीढी और ऋङ्खङ्गॅी ढ८ को दे दिया कैसे भारतीय बैंकों ने वढक नामक एक अवसर और उसका नियंत्रण ढँङ्गल्लीढी और ऋङ्खङ्गॅी ढ८ को दे दिया बिरयानी का व्यवसाय: कैसे बिरयानी बाय किलो जीत रहा है भारतीय स्वाद स्थिरता और स्वचालन के साथ वरुण बेवरेजेज ने एचयूएल को पीछे छोड़ दिया, एक साल में 100% रिटर्न दिया। क्या यह आगे की गति को बरकरार रख सकता है?

## निरंतर श्रम,संयम के बिना जीवन व्यर्थ। कष्ट-साध्य संघर्ष और मनोबल के सारथी बने।

**सफलता** रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता हैं, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज फ्लैश

### बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना बल्देव पुलिस ने बलात्कार के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बल्देव संजय कुमार त्यागी के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज कस्बा बल्देव उप निरीक्षक मुनेन्द्र पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर जटौरा बल्देव रोड पर पुलिया के पास से वांछित अभियुक्त भोलू पुत्र उस्मान निवासी कैलाश रोड कस्बा व थाना बल्देव जिला मथुरा को गिरफ्तार किया गया।

### सर्द रातों में पसरने लगी कोहरे की चादर, बढ़े सड़क हादसे

**-एक ही रात में चार स्थानों पर हुए सडक हादसों में गई चार लोगों की जान**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गुलाबी सर्दियों का दौर खत्म हो रहा है। रातें सर्द हो रही हैं और कोहरे की चादर पसरने लगी है। ऐसे मौसम में सडक हादसे बढ जाते हैं। एक ही रात में चार स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोगों की जान चली गई। बुधवार की देर रात्रि थाना कोसीकलां की बठैन गेट पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बने फ्लाईओवर पर दिल्ली की तरफ जा रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने गांव से ड्यूटी पर पेप्सिको प्राइवेट लिमिटेड में जा रहे बाइक सवार को रौंद दिया। घटना इतनी दर्दनाक थी कि लापरवाह ट्रक बाइक सहित चालक को काफी दूर तक खींच कर ले गया जिसमे बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मौके ट्रक चालक राहगीरों को आता देख ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गयी। पुलिस ने स्थानीय लोगों ओर पुलिस टीम के सहयोग से बाइक सवार को ट्रक के नीचे से निकाल शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक बाइक सवार की शिनाख्त नंदगांव के रहने वाले 28 वर्षीय कैलाश पुत्र सांवलिया के रूप में हुई है जो कि कोटवन औद्योगिक एरिया में संचालित पेप्सिको कंपनी में फूड लेंड डिपार्टमेंट के अंदर कार्य करता था। दूसरी घटना भी कोसी की चोकी क्षेत्र के गांव अजीजपुर के समीप शिव मंदिर के पास की है जिसमें बाइक सवार 22 वर्षीय युवक राजेंद्र पुत्र विक्की को रात्रि करीब डेढ़ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। तीसरी घटना थाना राया के राया बलदेव रोड पर गांव सिहोरा के समीप हुई। बाइक सवार महावन के गांव पचावार निवासी 45 वर्षीय मुकेश पुत्र फूल चंद को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मृतक के परिजनों ने बताया कि मुकेश शादी समारोह से दावत खा कर घर लौट रहा था। चौथी घटना थाना फरह क्षेत्र के आगरा दिल्ली हाईवे पर अज्ञात वाहन ने शेरगढ़ निवासी 25 वर्षीय रामवीर पुत्र बदन सिंह को रौंद दिया हादसे में घायल की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने सभी मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपर्द कर दिए है।

### आईएमटी खरखौदा में मारूति प्लांट में हरियाणा के युवाओं को रोजगार में दिलायेंगे प्राथमिकता: दुष्यंत चौटाला

**खरखौदा(सोनीपत)/टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आईएमटी खरखौदा में विकसित किये जा रहे मारूति प्लांट में प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिलायेंगे, जिसके लिए अलग से कानून की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्टद्द किया कि एचएसआईआईडीसी के प्लाटों में विकसित की जाने वाली औद्योगिक इकाइयों में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार देने का प्रावधान किया गया है।

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गुरूवार को खरखौदा हलके के गांव रामपुर में आयोजित जनसभा को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने जनसभाओं की शुरूआत ककरोई गांव से की, जिसके बाद उन्होंने झरोंठ और रामपुर गांव में जनसभाओं को संबोधित किया। चेयरमैन पवन खरखौदा के संयोजन में आयोजित जनसभाओं के दौरान उप-मुख्यमंत्री ने स्पष्टद्द किया कि प्रदेश में निजी क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों-कंपनियों में 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं के लिए आरक्षण संबंधी बनाये गये कानून की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में जारी है। किंतु यह मारूति पर लागू नहीं होगा। मारूति प्लांट इस दायरे से बाहर है।

उप-मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से औरजमीन देने की मांग की ताकि औद्योगिक क्षेत्र के विकास को वृद्धि दी जा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए किसानों को बेघर नहीं किया जाएगा, अपितु लैंड पुलिंग पॉलिसी के तहत जमीन ली जाएगी, जिसमें किसानों की हिस्सेदारी तय की गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी गुरुवार दोपहर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके निवास पर पहुंचे। नायब सैनी ने प्रधानमंत्री को पुष्प गुच्छ देकर हाल ही में संपन्न हुए तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचंड जीत की बधाई दी। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी जी को भगवान श्रीराम की एक सुंदर प्रतिमा भी भेंट की। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश के राजनीतिक हालातों और संगठनात्मक विषयों पर भी श्री सैनी की चर्चा हुई। अध्यक्ष बनने के बाद नायब सैनी की प्रधानमंत्री से पहली औपचारिक मुलाकात थी। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी काफी उत्साह और उर्जा से भरे दिखाई दिए। नायब सैनी ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संगठनात्मक विषयों पर मार्ग दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री मोदी जी से मुलाकात कर तीनों राज्यों में हुई प्रचंड जीत की बधाई भी दी। इस मुलाकात के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में भी 2024 में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड जीत के साथ तीसरी बार भी सरकार बनाएगी। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हरियाणा के लोगों को हो रहे फायदों से भी अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को यह भी बताया कि डबल इंजन की सरकार में किसी तेजी से हरियाणा में विकास के कार्य हो रहे हैं।

## खानपुर मेडिकल कालेज में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**गोहाना(सोनीपत)/टीम एक्शन इंडिया**

भगतफूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज, खानपुर कलां, सोनीपत में नैश्नल मेडीकल कमीशन -एनएमसी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम एनबीईएमएस सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन जागरूकता) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ जगदीश चन्द्र दुरेजा ने शिरकत की और इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एनसथिसीया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रणव बंसल व डॉ मीना सिंह द्वारा किया गया।

निदेशक डॉ जगदीश चन्द्र दुरेजा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से आम जनता को जागरूकता मिलती है और आपातकालीन समय में यदि इस प्रकार की तकनीक को प्रयोग मे लाया जाए तो मरीज की जान भी बचाई जा सकती है। उन्होने बताया कि विश्व में बहुत से मरीजों की जान सीपीआर की जागरूकता की कमी के चलते चली जाती है क्योंकि दिल के मरीजों में अटैक जैसी बीमारी अचानक ही आ जाती है और यदि उसे समय पर उपचार ना मिले तो उसकी मृत्यु होने का डर रहता है। उन्होने सभी से इस बारे में जागरूक होने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होने कहा कि इसका मुख्य उदेश्य जनता की देखभाल के प्रति जागरूक करना है।

इस अवसर पर संस्थान के एनसथिसीया विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रणव बंसल ने संस्थान के सभी जुनियर व सीनियर रैजीडैन्ट/डाक्टर, अधिकारी व कर्मचारीयों को सीपीआर के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

## क्रीड़ा उत्सव वॉलीबॉल प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण आयुष विवि की टीम ने प्राप्त किया दूसरा स्थान



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

फैकल्टी ऑफ इंडियन मेडिकल सिस्टम और गुरुग्राम एसजीटी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित क्रीड़ा उत्सव की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। गुरुवार को टीम के आयुष विवि पहुंचने पर कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने विजेता टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के तहत खेल नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। खेलों से जहां व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप बलवान बनता है वहीं खेल खेलने से कौशल का भी विकास होता है। इसलिए युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के व्यक्ति को अपनी दिनचर्या खेलों को जरूर शामिल करना चाहिए। जिससे आदमी बहुत कम बीमार पड़ता है।

युथ वेलफेयर के निदेशक डॉ. रवि राज ने बताया कि एसजीटी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय क्रीड़ा उत्सव में आयुष विवि की वॉलीबॉल टीम ने भाग लिया था। वॉलीबॉल टीम में निखिल शर्मा, गौरव भाटिया, शिवेक राठी, लक्ष्य बागड़ी, अमित कुमार, रणधीर, सुनील कुमार और भारत नेहरा खिलाड़ी रहे। डॉ. आशीष नांदल और डॉ. सुनिल गोदारा ने टीम के मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

## प्रदेश में पहली बार आयोजित होगा पेंशनर दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेश में पहली बार एक साथ सभी जनपदों में पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा। 17 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पेंशनर दिवस मनाया जायेगा। सभी विभागाध्यक्ष, कार्यालयध्यक्ष एवं पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग 3 के शासनादेश के द्वारा राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए प्रतिवर्ष 17 दिसम्बर को एक बार पेंशनर दिवस पूरे प्रदेश में सभी जनपदों में आयोजित किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।

## लैन लैन चैन का विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर किया गया स्वागत



**पानीपत... कमाल हुसैना/टीम एक्शन इंडिया**

जी.टी रोड स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में संयुक्त राज्य अमेरिका में एस टी सी कम्पनी में सी ई ओ के पद पर कार्यरत लैन लैन चैन का विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रबन्धक रामपाल जागलान, विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनघस व विद्यालय की अध्यापिका मोनिका मिट्टान द्वारा ओ३म् का पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत और अभिनन्दन किया गया। लैन लैन चैन ने पूरे विद्यालय भ्रमण करते हुए छात्रों से बातचीत की तथा विद्यालय में बने नव निर्मित महर्षि दयानन्द बाल गुरूकुल का भी भ्रमण किया तथा जानकारी देते हुए बताया कि आर्य विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ छात्रों को संस्कार भी दिए जाते हैं तथा विद्यालय में प्रतिदिन हवन यज्ञ भी होता है जिसमें विद्यालय के छात्र, अध्यापक व अध्यापिकाएं भी शामिल होते हैं। उन्होने बताया कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत का एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जहॉ विद्या ग्रहण कर अनेकों छात्र देश विदेशों में भी बडे.बड़े पदों पर हैं। यह एक ऐसा विद्यालय है जहॉ बच्चों को बहुत कम फीस में अच्छी शिक्षा दी जाती है। उन्होने बताया कि आर्य समाज का प्रमुख उद्धेश्य हिन्दु समाज में सुधार लाना है। इसी उद्धेश्य की पूर्ति के लिए लोगों को शिक्षित करना तथा शिक्षा का प्रचार प्रसार करना तथा गरीब लोगों को भी शिक्षा से वंचित न रखा जा सके।

उन्होने बताया कि स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने भी कहा है कि मनुष्य के लिए उसका वास्तविक आभूषण विद्या है, न कि सोना चांदी।

## गांवों में हुए विकास कार्यों की टोह लेने पहुचेंगे अधिकारी



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सरकारी की महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत गांवों में कराये गये विकास कार्यों की अब अधिकारी टोह लेंगे। विकास कार्यों में अनियमितता पाये जाने अथवा निर्माण कार्य आधा अधूरा पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जनपद की ग्राम पंचायतों में स्वीकृत अमृत सरोवरों का काम इसी महीने पूरा करना होगा। वहीं गोशालाओं में पल रहीं गायों को सर्दी के मौसम में किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। गोशालाओं में गायों की मौत के बाद कई ग्राम पंचायतों में प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने की घटना के बाद हलचल मची हुई है। गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के द्वारा राजीव भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहुत की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा बैठक में विकास खण्ड स्तर पर ग्राम पंचायतों में बनाये जा रहे अमृत सरोवरों, मॉडल लाइब्रेरी, मुख्यमन्त्री आवास योजना, प्रधान मन्त्री आवास योजना, मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा, गौ आश्रय स्थलों का निर्माण एवं गौशालाओं में भूसा, पानी एवं गौवंशों को ठण्ड से बचाव की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी मथुरा द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने अपने कार्यक्षेत्र में पड़ने वाली समस्त गौशालाओ का स्वंय निरीक्षण करते हुऐ गौशालाओं में भूसा, पानी की व्यवस्था के साथ साथ गौवंशों को ठण्ड से बचाव के लिए उचित व्यवस्था तत्काल कर ली जाएं। मनरेगा योजना के अन्तर्गत गांव में चकरोड़ पर कच्चा कार्य कराया जाये, जिससे कृषकों एवं ग्रामवासियों को आने जाने में असुविधा न हो।

मनरेगा योजनान्तर्गत 100 मानव दिवस का रोजगार दिया जाये। ग्राम पंचायतों में बनाये जाने वाले अमृत सरोवरों का माह दिसम्बर के अन्त तक कार्य पूर्ण कराया जाये।

बैठक में अरुण कुमार उपाध्याय, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, गरिमा खरे, जिला विकास अधिकारी किरन चौधरी, जिला पंचायतराज अधिकारी, विजय कुमार पाण्डेय उपायुक्त श्रम रोजगार, विपिन कुमार गर्ग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, विकास कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, नगेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद मथुरा उपस्थित रहे।

## पांच जनवरी से सात जनवरी तक महा मस्ताभिषेक का आयोजन



**सोनीपत**

नव निर्मित भव्य लघु सम्मेद शिखर जी एवं पार्श्वनाथ मंदिर का पांच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक एजुकेशन सिटी के पास स्थित अनेकांत धाम में धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया जायेगा, इसके अलावा पांच जनवरी से सात जनवरी तक महा मस्ताभिषेक का आयोजन होगा।

यह जानकारी परम पूज्य उपाध्याय विशोक सागर महाराज ने पुराना शहर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के बाद अपने प्रवचन में दी। विशोक सागर महाराज का बैंडबाजों से एवं जय घोष के साथ सैंकड़ो धर्मावलम्बियों ने भव्य स्वागत किया। पंचकल्याणक महोत्स्व धर्मा शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ससंघ एवं आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने महाराज विशोक सागर के चरणों में वंदना करने के पश्चात अपने सम्बोधन में कहा कि पंचकल्याणक के माध्यम से इस एरिया में धर्म की गंगा बहेगी, इसमें हर कोई पुण्य का भागीदार बनने का प्रयास करे।

उन्होंने आगे कहा कि संतों के दर्शन से हमारे जीवन का कल्याण होता है।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना बरसाना पुलिस ने हत्या के अभियोग में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मृतक का एक मोबाइल फोन व चप्पल बरामद की हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल के मुताबिक 30 नवम्बर को बरसाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम महराना में एक व्यक्ति ज्योति स्वरूप पुत्र सोहनपाल निवासी ग्राम महराना थाना बरसाना मथुरा का शव खेत में मिला है। जिसके सम्बन्ध में मृतक के भाई द्वारा मनीष उर्फ गुलमोहम्मद के विरुद्ध तहरीर दी गई। जिसके आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। सात दिसम्बर को मुखविर की सूचना पर नामजद अभियुक्त मनीष उर्फ गुल मौहम्मद पुत्र इस्लाम निवासी ऊंचागांव मलीना रोड थाना बल्लभगढ जिला फरीदाबाद हरियाणा को श्रीजी गोशाला कस्वा व थाना बरसाना से 8.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

## करनाल में होने वाली रैली में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )**

आज ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 संबंधित (हरियाणा कर्मचारी महासंघ) की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय अनाज मंडी आडती एसोशिएशन धर्मशाला में संपन्न हुई ! मीटिंग का संचालन प्रांतीय महासचिव नरेंद्र धीमान ने किया ।मीटिंग में राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मीटिंग के दौरान प्रांतीय चेयरमैन रणवीर दलाल प्रांतीय वरिष्ठ उपप्रधान ,जिले सिंह भडाना प्रांतीय कोषाध्यक्ष, पवन रजाना प्रांतीय संगठन कर्ता ,सुरेंद्र यादव ने उपस्थित पदाधिकारीयों को संबोधित किया। प्रांतीय प्रधान विश्वनाथ शर्मा द्वारा मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए मुख्य एजैंडा 12 दिसंबर को हरियाणा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सीएम सिटी करनाल सेक्टर 12 फवारा पार्क में होने वाली ललकार रैली व विभागीय संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श कर प्रदेशभर से कर्मचारियों को ललकार रैली करनाल में पहुंचने का आह्वान किया गया और प्रदेश भर में जिला स्तर पर पदाधिकारीयों की डयुटीयां लगाई गई मुख्य मांगे पुरानी पेंशन बहाल की जाए, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, समान काम समान वेतन लागू किया जाए ,प्रदेश में डीसी रेट पर लगे कर्मचारियों का वेतन 3 साल से नहीं बढ़ा उसे तुरंत प्रभाव से बढ़ाया जाए ,मेडिकल कैशलेस सुविधा पूर्णत लागू की जाए। एक्स ग्रेशिया पॉलिसी की कमियों को दूर किया जाए, सभी विभागों में जोखिम का कार्य करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 2018 में लगे डब्ल्यू पी ओ सहित सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग में तृतीय श्रेणी के पद पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को 35400 का वेतनमान दिया जाए व चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को पदोन्नति उपरांत एक इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए।

# हरियाणा में भाजपा राज में महिलाएं पूरे देश में सबसे असुरक्षित: अनुराग ढांडा




**जींद/चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को जींद में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की बेटियों की सुरक्षा उनके अभिभावकों के लिए चिंता का विषय है। पहले जींद से एक मामला सामने आया था जहां पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और गलत व्यवहार की शिकायतें हुई। काफी लंबे समय की एक्टिविटी के बाद उस पूरे मामले में सरकार हरकत में हरकत में आई। अब कैथल में ऐसा ही एक मामला सामने आ रहा है जिसमें यही शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में ऐसा माहौल बनता जा रहा है कि यदि बच्चे स्कूल पढ़ने जाएं, महिला काम पर जाए और सड़क चौराहे पर कहीं भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। बीजेपी और खट्टर सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान महज ढकोसला है, प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं है। इसके अलावा सरकार में बैठे मंत्रियों से भी हरियाणा की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा एनसीआरबी का डाटा बताता है कि हरियाणा पूरे देश में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित जगह बन गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा में पंजाब से 2.5 गुना ज्यादा महिलाओं के साथ अपराध हुए हैं। हरियाणा में किडनैपिंग के केस पंजाब से दोगुने से भी ज्यादा है। ये साफ तौर पर दिखाता है कि हरियाणा में पुलिस व्यवस्था पूरी तरह धाराशायी हो चुकी है और कानून व्यवस्था को संभालने में भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों का ध्यान हरियाणा की बेटियों की रक्षा की तरफ नहीं है। इसी वजह से हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं।सरकार ने महिला कोच से छेड़छाड़ करने वाले मंत्री संदीप सिंह को बर्खास्त कर दिया होता तो अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद नहीं होते।

उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अनिल विज ने 372 आईओ को ठीक से काम न करने पर सस्पेंड के आदेश दिए थे, लेकिन सस्पेंड नहीं हुए। जिस प्रदेश में पुलिस गृहमंत्री की बात न मानती हो तो फिर हरियाणा में कानून व्यवस्था कैसे चलेगी। अनिल विज अपने दोनों विभागों गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रायल में पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी निभाने में फेल साबित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय पिछले दो महीने में केवल 2 फाइलें क्लीयर कर पाया है जबकि 2500 फाइलें पेंडिंग हैं। ये सारी बातें बताती हैं कि या तो अनिल विज अपने काम को करने में सक्षम नहीं हैं या फिर उनकी लड़ाई मुख्यमत्री खट्टर से इतनी बढ़ गई है कि उसके सामने हरियाणा के लोगों की सुरक्षा भी उन्होंने दांव पर लगा दी है।

उन्होंने कहा कि पहले भी सीएम खट्टर और गृहमंत्री के बीच सीआईडी की रिपोर्ट को लेकर विवाद हुआ था। फिर नूहं हिंसा में सीआईडी के सूचना देने के बावजूद पुलिस और गृह मंत्रालय तक जानकारी नहीं पहुंची थी। अब स्वास्थ्य विभाग को लेकर दोनों में टकराव चल रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री और मुख्यमंत्री के टकराव की कीमत पूरे प्रदेश को चुकानी पड़ रही है। भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए और इस व्यवस्था को दुरुस्त करें। इस वक्त पूरे देश में चाइनीज निमोनिया का भी खतरा मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग का काम न करना खतरनाक है। उन्होंने कहा हाल ही में जो पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आए हैं उनसे ये सबित हो गया है कि सीधी टक्कर में भाजपा को हराना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। इसलिए जनता को नया विकल्प चाहिए। उत्तर भारत में अब भाजपा के समक्ष विपक्षी पार्टियों में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है। आम आदमी पार्टी की दो राज्यों में वहीं कांग्रेस की केवल एक राज्य में सरकार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के नेता भूपेंद्र हुड्डा राजस्थान के ओब्जर्वर थे और प्रचार कर रहे थे, रणदीप सुरजेवाला मध्यप्रदेश के प्रभारी थे और शैलजा छत्तीसगढ़ की प्रभारी थी। तीनों ने कांग्रेस को डुबो दिया और हरियाणा में तो ये तीनों एक ही जगह हैं, मतलब हरियाणा में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। ये तीनों आपस में लड़कर खत्म हो जाएंगे।उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन कांग्रेस सभी को साथ लेकर चलती है तो सभी पार्टियों एक राय है। सभी पार्टियां चाहती है कि देश का संविधान और लोकतंत्र को बचाना बहुत जरूरी है। इसलिए सभी पार्टियां लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ने के लिए तैयार हैं।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 08 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों का हक लूटा: ओम प्रकाश राजभर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने पिछड़ों का हक लूटा है। सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने पिछड़ों का भला नहीं किया। अब जब विपक्ष में हैं तो उन्हें पिछड़ों की चिंता सता रही है। ओम प्रकाश राजभर ने गुरूवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं। जिसका इंतजार था उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। राजभर के इस बयान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे को लेकर देखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ का आज दिल्ली दौरा है और वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे।

## हाथी दांत की तस्करी के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अजमेर**
हाथी दांत की तस्करी के आरोप में वन विभाग की टीम ने तीन युवकों को पकड़ कर उनसे हाथी दांत बरामद किए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विभाग के अधिकारी पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर पता कर रहे हैं कि उन्हें यह हाथी दांत कहां से मिले। वन विभाग के अधिकारी हाथी दांत तस्करी की पूरी कड़ी जोड़ने के प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि विभाग की टीम ने हाथी दांत की तस्करी करने वाले तीन लोगों की सूचना वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली थी। डीएफओ अभिमन्यु सहारण ने बताया कि वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की सूचना एसीएफ मुल्केश सालवान, अजमेर रेंजर बालूराम सारण सहायक वनपाल महेंद्र, अलका चौधरी, गिरिराज मीणा, बच्छराज सिंह, वनरक्षक निम्बाराम गोदारा की टीम बनाई गई। ब्यूरो के सदस्य भी इसमें शामिल थे। डीएफओ के मुताबिक नसीराबाद रेंज क्षेत्र में आने वाले तबीजी के पास आरोपी ने हाथी दांत का सौदा करने के लिए किसी व्यापारी को बुलाया था। वह नहीं पहुंचा, लेकिन टीम के सदस्यों ने ग्राहक बनकर कार्रवाई की। डीएफओ के मुताबिक आरोपी हटूंडी निवासी कादर, डूमाड़ा निवासी भंवरलाल गुर्जर, सीकर जिले के खंडेला निवासी महावीर प्रसाद मीणा के कब्जे से कार्रवाई के दौरान एक किलो वजनी और 45 सेंटी मीटर लंबा हाथी दांत बरामद किया गया। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जीबीसी की तैयारी : उत्तर-प्रदेश में 10 कंपनियां करेंगी निवेश

## जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अब तक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



**डेटा सेंटर पार्क में 30 हजार करोड़ का निवेश:** जीबीसी के प्रथम फेज में प्रदेश में होने जा रहे सबसे बड़े निवेश की बात करें तो यह एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है।


इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निमार्णाधीन है।

**जालौन में सौर ऊर्जा पार्क का होगा निर्माण:** इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है।

## स्कूलों में रामायण से जुड़े प्रसंगों पर होगी प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**अयोध्या** में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का दिव्य-भव्य मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर जहां प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं प्रदेश सरकार स्कूली बच्चों में श्रीराम के आदर्शों को उतारने का भी काम करेगी। रामायण से जुड़े प्रसंगों पर चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करना है।
रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में होंगी प्रतियोगिताएं प्रदेश सरकार की ओर से रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर आधारित चित्रकला, लेखन, वेशभूषा व रामायण गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता यूपी के सभी बेसिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में होगी। यही नहीं अयोध्या के विभिन्न घाटों व स्थलों पर रामायण से जुड़ी कलाकृतियों की स्थापना की जानी है। इन कलाकृतियों की आधुनिक रूप से साज-सज्जा प्रस्तावित है। कलाकृतियों के निर्माण का कार्य उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। संस्कृति विभाग की ओर से अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन के दृष्टिगत लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। रामोत्सव के अंतर्गत प्रतियोगिताओं व मूर्तिकला-चित्रकला के जरिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए भी बजट खर्च होगा। प्रतियोगिताओं पर 4 करोड़ और मूर्तिकला-चित्रकला पर ढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## राजनाथ ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाढ़ प्रभावित चेन्नई और आस-पास के इलाकों का गुरुवार को हवाई सर्वे किया। इसके साथ ही उन्होंने चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण हुए नुकसान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ बातचीत की। इसके बाद राजनाथ ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य आपदा राहत फंड (एसडीआरएफ) से आंध्र प्रदेश को 493.60 करोड़ और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। दोनों राज्यों को 450-450 करोड़ रुपये की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है। राजनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं आपदा प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से बातचीत भी की है। केन्द्र की ओर से वे आश्वसान देते हैं कि सभी संभव सहायता दी जाएगी। राहत कार्यों में सेना, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आज

**निर्देश**

**तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के लिए एसडीआरएफ की दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश**

उन्होंने बाढ़ की स्थिति को लेकर हवाई सर्वे किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से सीधी बातचीत की है। केन्द्र सरकार ने चेन्नई में बाढ़ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए तैयार योजना में 500 करोड़ की केन्द्रीय सहायता को भी मंजूरी दी है। इसके तहत राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को प्रभावित किया है।



मुख्यमंत्री योगी से लखनऊ में सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 54 हाई स्कूल में मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़** शहर की शैक्षिक और अन्य संस्थाओं ने विश्व दिव्यांगता दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में सरकारी हाई स्कूल सेक्टर 54 में विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया।

यह आयोजन स्कूल प्राचार्य श्रीमती कुलदीप कौर की अध्यक्षता में किया गया ।स्कूल के छात्रों में आयोजन को लेकर खास उत्साह देखा गया। विभिन्न कार्यक्रमों में उप प्राचार्य अलका ,संदीप कौर ,रविंदर सिंह (यू आर सी ),6 स्कूलों के सब सी डब्ल्यू इंचार्ज पूजा, सुमनदीप, रीमा ,वंदना ,राहुल तिवारी और रिसोर्स टीचर स्मृति भी मौजूद रहे।

आयोजनों से उत्साही बच्चों ने 50 मीटर 100 मी बाधा दौड़,शटल रेस ,योगा,शॉट पुट में भाग लिया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्साह से हिस्सा लिया। समारोह के अंत में प्राचार्य के द्वारा बच्चों को पुरस्कार और रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए। प्राचार्य ने बच्चों का हौसला बढ़ाया ।

## मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रदान की सहयोग राशि



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मध्य प्रदेश सैनिक कल्याण विभाग के संचालक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) अरुण नायर ने गुरुवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर समत्व भवन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रतीक ध्वज लगाया। मुख्यमंत्री चौहान ने अपनी ओर से सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सहयोग राशि प्रदान की तथा दिवस के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्त्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं। इन सैनिकों को स्मरण करने, सम्मान देने तथा देश के नागरिकों द्वारा सैनिकों के प्रति सम्मान भाव प्रकट करने के लिए वर्ष 1949 से प्रतिवर्ष 7 दिसंबर, सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से 38 लाख की लूट

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
बिहार में मुजफ्फरपुर शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव में निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय से बीती रात एक बजे 38 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया गयाहै। लुटेरों ने सीसीटीवी और डीवीआर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार के निर्देश पर कंपनी के कुछ कर्मियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

## शराब और तीन वाहनों के साथ माफिया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
**नवादा** पुलिस ने गुरुवार को हिसुआ थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर दो लग्जरी कार जब्त कर उसमें लादे गए बड़ी मात्रा में देसी - विदेशी शराब जब्त करने के साथ ही तीन शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया है। एक अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद की गयी है। शराबबंदी को प्रभावशाली बनाने तथा शराब-सेवन, बिक्री, भंडारण तथा परिवहन पर



पूर्णतया अंकुश लगाने हेतु नवादा पुलिस प्रतिबद्ध है। लगातार छापेमारी कर इसके विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है। बावजूद कारोबारियों के मनोबल बढ़े हैं। शराब की तस्करी कर नवादा में शराब खपा रहे हैं। इसी कड़ी में नवादा जिले के हिसुआ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड से नवादा ला रहे शराब की बड़ी खेप को जब्त कर लिया है।

पुलिस ने 2 चार पहिया वाहन जिसका एस्कॉर्ट एक अपाची मोटरसाइकिल से करके फतेहपुर गया के रास्ते अतरी, गया, वजीरगंज जा रही थी।उसे जब्त किया गया है।

## जयपुर: पहाड़ी हवा के कारण पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
प्रदेश में मौसम शुष्क होने के साथ ही तीन दिन से लगातार सर्दी का असर बढ़ता जा रहा है। कडाके की सर्दी की कारण जनजीवन प्रभावित होने लगा है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहने के साथ सर्दी तेज होगी। दस दिसम्बर तक राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा। हवाएं चलने के कारण तापमान में गिरावट आएगी। इसके असर से सर्दी बढ़ जाएगी। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान राजस्थान में कोई असर नहीं होगा। राजधानी जयपुर और चूरू में बुधवार रात इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। दूसरी तरफ माउंट आबू में बुधवार तापमान माइनस में था। वह आज बढ़कर 1.5 पर आ गया। मौसम



विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 3-4 दिन में उत्तरी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा। इससे कई शहरों में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। आज सबसे कम तापमान माउंट आबू में 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर में भी आज तापमान गिरकर चार डिग्री सेल्सियस आ गया। यहां सुबह गलनभरी सर्दी रही। शेखावाटी के चूरू में भी बीती रात सीजन का सबसे कम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस मापा गया। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ क्षेत्र में सुबह हल्का कोहरा भी रहा। श्रीगंगानगर में आज न्यूनतम तापमान कल की तरह 10.8 डिग्री सेल्सियस ही रहा। बाड़मेर में आज तापमान 12, उदयपुर में 13, अजमेर में 12.4, कोटा में 15.2 और जैसलमेर में 10.7 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा व उसके आस-पास के क्षेत्र पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। दक्षिण-पूर्व राजस्थान और आसपास के क्षेत्र में भी प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ था, जो अब कम हो गया है। वहीं 11 दिसंबर से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश के साथ पाली, जालोर व सिरोही में आने वाले कुछ दिनों तक मावठ की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग की माने तो मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन न्यूनतम व अधिकतम तापमान में बदलाव आ सकता है। पाली संभाग के साथ प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोहरा छा सकता है।

